(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)

हिन्दी दैनिक

बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

पीठ के निचले हिस्से में दर्द होने ...8

गुरुवार, 02 सितंबर 2021 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 08 अंकः 257 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

अमित शाह दो सितंबर को कर्नाटक का दौरा करेंगे

बेंगलुरु। केंद्रीय गृह मंत्री

अमित शाह बृहस्पतिवार को कर्नाटक का दौरा करेंगे और इस दौरान वह राज्य के दावणगेरे और हुबली में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दोपहर में हुबली हवाई अड्डा पहुंचने के बाद वह मुख्यमंत्री बसवराज एस बोम्मई के साथ हेलिकॉप्टर से दावणगेरे में जिला मुख्यालय जाएंगे। दावणगेरे में वह 'गांधी भवन' का उद्घाटन करेंगे और कोंडाज्जी बासप्पा संग्रहालय जाएंगे तथा वहां श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। बाद में वह दावणगेरे जिले के हरिहर तालुक के कोंडाज्जी में एक पुलिस पब्लिक स्कूल और दावणगेरे में जीएम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (जीएमआईटी) के केंद्रीय पुस्तकालय का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह हुबली लौटेंगे, जहां वह केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी की सबसे बड़ी बेटी अर्पिता व के. एस ऋषिकेश के विवाह समारोह में शिरकत करेंगे।

अभिनेत्री पायल रोहतगी के खिलाफ पुणे में प्राथमिकी दर्ज, नेहरू–गांधी परिवार पर बनाया था मानहानिकारक वीडियो

पुणे। महाराष्ट्र के पुणे शहर में साइबर पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेत्री पायल रोहतगी के खिलाफ नेहरू–गांधी परिवार के खिलाफ एक मानहानिकारक वीडियो बनाने और इसे सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि कांग्रेस की एक स्थानीय नेता की शिकायत के बाद अपराध शाखा ने मंगलवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 153, 500 और 505 (2) के तहत मामला दर्ज किया। शिकायत के अनुसार, अभिनेत्री ने एक अज्ञात व्यक्ति के साथ कथित तौर पर महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्रियों जवाहरलाल नेहरू गांधी, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और गांधी परिवार के अन्य सदस्यों के बारे में एक मानहानिकारक वीडियो बनाया और इसे सोशल मीडिया पर साझा किया। अधिकारी ने बताया कि कांग्रेस नेता एवं पार्टी की पुणे इकाई की पदाधिकारी संगीता तिवारी ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस में रोहतगी के खिलाफ शिकायत की।

महामारी के दौरान पहली बार खोले गए पहली से पांचवी कक्षा के लिए स्कूल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कक्षा एक से पांच तक के स्कूल कोविड–19 महामारी के कारण लागू लॉकडाउन के बाद बुधवार को पहली बार खोले गए। प्रदेश में कक्षा नौ से 12 तक के स्कूल पिछली 16 अगस्त से जबकि कक्षा छह से आठ तक के स्कूल पिछली 24 अगस्त से खोले जा चुके हैं। कक्षा 1 से 5 तक के स्कूल पिछले साल कोविड–19 महामारी शुरू होने के कारण बंद किए गए थे। उसके बाद से आज इन्हें कोविड–19 प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करते हुए पहली बार खोला गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्कूल खुलने पर बच्चों को बधाई देते हुए बुधवार को एक ट्वीट में कहा, कोरोना महामारी के कारण बंद विद्यालय आज एक सितंबर से पुनः प्रारम्भ हो रहे हैं। सभी बच्चों को ढेर सारी शुभकामनाएं।

उन्होंने यह भी कहा, गुरुजनों से विनम्र आग्रह है कि सभी बच्चों का ध्यान रखें।

हर हाल में कोरोना प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित कराने में अपना योगदान दें। स्कूल खुले जरूर, लेकिन उनमें बच्चों की उपस्थिति काफी कम रही। विद्यार्थियों के स्वागत के लिए कुछ स्कूलों ने परिसर में दाखिल होने वाले गेट पर सजावट की और बच्चों को टॉफी इत्यादि वितरित की, बच्चों को प्रवेश देने से पहले उनके हाथों को सैनिटाइज भी किया गया। एक निजी स्कूल में कक्षा 3 के छात्र हर्ष ने कहा से उसे स्कूल खुलने की बहुत खुशी है और लंबे समय बाद अब वह अपने दोस्तों से मिल सकेगा। हालांकि हर्ष की मां मेघा कोविड–19 की आशंका को लेकर चिंतित नजर आईं, उन्होंने कहा कि अगर संक्रमण के मामले बढ़े तो वह बच्चे को स्कूल नहीं जाने देंगी। राजधानी लखनऊ के सेंट फ्रांसिस कॉलेज के एक शिक्षक ने बताया कि स्कूल में सिर्फ उन्हीं बच्चों को बुलाया जा रहा है जिनके माता–पिता या अभिभावकों ने इसके लिए सहमति दी है। उन्होंने बताया कि कुछ कक्षाओं में 50 विद्यार्थी हैं लेकिन उनमें से केवल एक या दो छात्रों के माता–पिता ने ही बच्चों को स्कूल भेजने पर रजामंदी दी है।

स्कूल दो पालियों में खोले गए हैं। पहली पाली सुबह आठ बजे से जबकि दूसरी पाली पूर्वान्ह साढ़े 11 बजे से शुरू की गई। कक्षा में 50ः बच्चों को ही आने की इजाजत दी गई है।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की तेरहवीं कार्यक्रम में दी गई श्रद्धांजलि

अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश)। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के बुधवार को अलीगढ़ जिले के अतरौली में हुए तेरहवीं कार्यक्रम में अनेक गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उत्तराखंड की राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने अतरौली के केएमवी इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित तेरहवीं कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया, इसके अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और दिनेश शर्मा के साथ–साथ बड़ी संख्या में विशिष्ट अतिथियों तथा वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र और विश्व हिंदू परिषद की प्रबंध समिति के सदस्य दिनेश चंद्र ने भी सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। बारिश के खलल की आशंका के मद्देनजर आयोजन स्थल पर विशेष वाटरप्रूफ पंडाल लगाया गया और तेरहवीं भोज के लिए भोजन बनाने को करीब 1400 रसोइयों को बुलाया गया। कार्यक्रम स्थल से लेकर हवाई पट्टी तक पर करीब 2000 पुलिस तथा पीएसी कर्मियों को तैनात किया गया। राजस्थान के राज्यपाल रह चुके राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख नेताओं में शामिल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का 21 अगस्त की रात राजधानी लखनऊ स्थित संजय गांधी परास्नातक आयुर्विज्ञान संस्थान में निधन हो गया था। वह 89 वर्ष के थे। उन्हें गत 4 जुलाई को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था। उनका अंतिम संस्कार 23 अगस्त को बुलंदशहर के नरोरा में किया गया था। कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी थी। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कल्याण सिंह छह दिसंबर 1992 को अयोध्या में कारसेवकों द्वारा विवादित ढांचा गिराये जाने के वक्त उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। उन्हें तथा 31 अन्य अभियुक्तों को पिछले साल सितंबर में बाबरी विध्वंस मामले में लखनऊ की एक विशेष अदालत ने बरी कर दिया था। लोध मतदाताओं में खासा प्रभाव रखने वाले कल्याण सिंह 1990 के दशक में भाजपा को उत्तर प्रदेश की सत्ता में लाने वाले प्रमुख नेताओं में शामिल थे। उनके बेटे राजवीर सिंह एटा से सांसद हैं जबकि उनके पुत्र संदीप सिंह प्रदेश के वित्त तकनीकी शिक्षा तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के राज्यमंत्री हैं।

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने देश में विद्यालयों के खुलने की स्थिति की समीक्षा की

नयी दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने देशभर में विद्यालयों के खुलने की स्थिति और उनके कर्मियों को टीका लगाने के रोडमैप की बुधवार को समीक्षा की। कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए राष्ट्रीय लॉकडाउन से पहले पिछले साल मार्च में विद्यालयों को बंद कर दिया गया था। केंद्र ने पिछले साल अक्टूबर में विद्यालयों को उनके राज्यों में कोविड–19 की स्थिति के अनुसार खोलने की अनुमति दी थी। कुछ राज्य आंशिक रूप से विद्यालय खोलने ही लगे थे कि इस साल अप्रैल में उन्हें पूरी तरह बंद कर दिया गया क्योंकि देश में कोविड –19 की दूसरी भयावह लहर आ गयी। कोविड–19 की स्थिति में सुधार के साथ ही अब कई राज्यों ने विद्यालयों को खोलना शुरू कर दिया है। हालांकि शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों का पूरी तरह टीकाकरण नहीं होने को लेकर चिंता व्यक्त की गयी है। शिक्षा मंत्रालय ने ट्वीट किया, '' शिक्षा मंत्री श्री धमेंद्र प्रधान ने स्कूली शिक्षा एवं साहित्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ देशभर में विद्यालयों के खुलने की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सितंबर तक विद्यालयों में सभी शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों के टीकाकरण के रोडमैप का भी जायजा लिया। '' मंत्रालय ने कहा कि केंद्र देशभर में विद्यालयों में शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों के टीकाकरण को प्राथमिकता दे रहा है ' ताकि विद्यालयों के खुलने के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित हो।

जम्मू में एक दर्जन से अधिक जेकेएपी कार्यकर्ता हिरासत में लिए गए

जम्मू। जम्मू और श्रीनगर के बीच सचिवालय को स्थानांतरित करने की पुरानी प्रथा दरबार स्थानांतरण को फिर से शुरू करने को लेकर आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान जम्मू–कश्मीर अपनी पार्टी (जेकेएपी) के एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। अपनी ट्रेड यूनियन के अध्यक्ष एजाज काजमी के नेतृत्व में, जेकेएपी के सैकड़ों कार्यकर्ता यहां प्रेस क्लब के पास जमा हुए और दरबार स्थानांतरण को फिर से शुरू करने की मांग को लेकर धरना दिया और बाद में सिटी सेंटर की ओर मार्च करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया।

अधिकारियों ने बताया कि जेकेएपी के करीब 15 कार्यकर्ताओं को तब हिरासत में लिया गया जब उन्होंने बिना अनुमति के रैली निकालने की कोशिश की। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 20 जून को घोषणा की थी कि जम्मू–कश्मीर प्रशासन पूरी तरह से ई–ऑफिस में परिवर्तित हो गया है, जिससे छमाही दरबार स्थानांतरण की प्रथा समाप्त हो गई है। सिन्हा ने कहा था, "अब जम्मू और श्रीनगर दोनों सचिवालय सामान्य रूप से 12 महीने काम कर सकते हैं। इससे सरकार को प्रति वर्ष 200 करोड़ रुपये की बचत होगी, जिसका उपयोग वंचित वर्गों के कल्याण के लिए किया जाएगा।" हालांकि, जम्मू में व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों सहित विभिन्न हितधारकों ने इस फैसले के खिलाफ खुले तौर पर अपनी नाराजगी जाहिर की कि 1872 में महाराजा गुलाब सिंह द्वारा शुरू की गई इस प्रथा से दो क्षेत्रों के लोगों के बीच संबंध विकसित होने के अलावा जम्मू को आर्थिक रूप से बड़ा बढ़ावा मिलता है। जम्मू में सर्दी बिताने के लिए कश्मीर के हजारों परिवार दरबार के साथ आते थे। काजमी ने कहा, हम दरबार स्थानांतरण की सदियों पुरानी प्रथा को बंद करने के सरकार के फैसले के खिलाफ यह विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हम सरकार से लोगों के सर्वोत्तम हित में अपने फैसले की समीक्षा करने का आग्रह करते हैं। उन्होंने बेरोजगार शिक्षित युवाओं के लिए रोजगार पैकेज की भी मांग की।

प्रभुपाद स्वामी की 125वीं जयंती पर पीएम मोदी ने जारी किया विशेष सिक्का, बोले– वो महान भारत भक्त थे

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रील प्रभुपाद जी की 125वीं जयंती पर सिक्का जारी किया। उन्होंने कहा कि परसो श्री कृष्ण जन्माष्टमी थी और आज हम श्रील प्रभुपाद जी की 125वीं जन्मजयंती मना रहे हैं। ये ऐसा है जैसे साधना का सुख और संतोष एक साथ मिल जाए। इसी भाव को आज पूरी दुनिया में श्रील प्रभुपाद स्वामी के लाखों करोड़ों अनुयाई और लाखों करोड़ों कृष्ण भक्त अनुभव कर रहे हैं।

प्रभुपाद स्वामी महान भारत भक्त थे

पीएम मोदी ने कहा कि प्रभुपाद स्वामी एक अलौकिक कृष्ण भक्त तो थे ही और साथ ही वो एक महान भारत भक्त भी थे। उन्होंने देश के स्वतंत्रता संग्राम में संघर्ष किया। उन्होंने असहयोग आंदोलन के समर्थन में स्कॉटिश कॉलेज से अपना डिप्लोमा तक लेने से मना कर दिया था।

उन्होंने कहा कि आज ये सुखद संयोग है कि ऐसे महान देशभक्त का 125वां जन्मदिन ऐसे समय में हो रहा है, जब देश अपनी अपनी आजादी के 75 साल का पर्व अमृत महोत्सव मना रहा है।

इस मंत्र में वैश्विक कल्याण की भावना

पीएम मोदी ने कहा कि अमृत महोत्सव में भारत ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास ये मंत्र के साथ ऐसे ही संकल्पों के साथ अपनी आगे की यात्रा का आधार बनाया है। हमारे इन संकल्पों के केंद्र में हमारे इन लक्ष्यों के मूल में भी वैश्विक कल्याण की ही भावना है।

उन्होंने कहा कि मानवता के हित में भारत दुनिया को कितना कुछ दे सकता है, आज इसका एक बड़ा उदाहरण है विश्व भर में फैला हुआ हमारा योग का ज्ञान और योग की परंपरा। भारत की जो स्थायी जीवन शैली है, आयुर्वेद जैसे जो विज्ञान हैं, हमारा संकल्प है कि इसका लाभ पूरी दुनिया को मिले।

योगी और मोदी के मुरीद हुए राजनाथ सिंह, बोले– परामात्मा ने बनाई अद्भुत जोड़ी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के लखनऊ में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1710 करोड़ रुपए की लोक निर्माण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, स्मार्ट सिटी मिशन, सेतु निगम और सिंचाई समेत 9 विभागों की 180 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। राजनाथ ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की योगी की तारीफः इसी बीच मुख्यमंत्री की जमकर तारीफ की और उन्हें और प्रधानमंत्री को परमात्मा द्वारा बनाई गई जोड़ी करार दिया। उन्होंने योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री मोदी को परमात्मा द्वारा बनाई गई जोड़ी बताया। उन्होंने कहा कि अगर योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री नहीं होते तो मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ में कभी भी इतना विकास नहीं कर पाता। वाजपेयी का लगना चाहिए चित्रः वहीं, राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा मंत्रालय के तहत डीआरडीओ लखनऊ के पास ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण करेगा और इस संबंध में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने 250 एकड़ जमीन एक महीने में उपलब्ध कराने को कहा है। राजनाथ सिंह ने उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं से लखनऊ में होर्डिंग आदि में सबसे ऊपर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का चित्र लगाने की अपील की।

रक्षा मंत्री ने कहा कि जब हवाई अड्डे से निकला तो देखा कि बहुत सारी होर्डिंग लगी हुई थीं, हम सब लोगों के बहुत सारे चित्र लगे हुए थे। इस संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व हमारे श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी कर चुके हैं। आप इतना करिए कि कम से कम लखनऊ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में हम सभी लोगों का चित्र लगाइए, न लगाइए यह आपकी मर्जी, लेकिन हम सभी के ऊपर अटल बिहारी वाजपेयी का एक चित्र नजर आना चाहिए। मैं यह आप सभी से अपेक्षा करता हूं।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और डॉक्टर दिनेश शर्मा, नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह और कानून मंत्री ब्रजेश पाठक आदि उपस्थित थे।

भाजपा के सरकार में सब से अधिक हत्याएं ब्राह्मणों की हुई, सतीश मिश्रा

गोण्डा। उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही ब्राह्मणों को निशाना बनाकर उनकी हत्याएं की जाने लगी है। उक्त बात बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्य सभा सांसद सतीश मिश्रा ने एक प्रबुद्ध वर्ग के विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कही। श्री मिश्रा ने कहा कि 2017 में भाजपा की सरकार बनते ही ब्राह्मणों का उत्पीड़न शुरू कर दिया गया। अपराधी के नाम पर ब्राह्मणों की हत्या की गई। उन्हों ने कहा कि सरकार बनते ही राय बरेली में पांच ब्राह्मणों को खुले आम अपराधी घोषित करते हुए उनकी हत्या कर दी गई। हमलोगों ने सोचा कि इतने बड़े अपराधी है तो उन के पास पैसा भी होगा। हम उनके घर गए तो झोपड़ी थी जिस को भी जला दिया गया। गोरखपुर, बरेली, कानपुर, में ब्राह्मणों की हत्या की गई। उन्हों ने विकास दुबे के बिकरु कांड पर कहा कि निर्दोष ब्राह्मणों की हत्या की गई। फर्जी मुकदमा लिखा कर कानपुर के आस पास सम्पन्न ब्राह्मणों को जेल भेज दिया गया। करीब 50 से अधिक ब्राह्मण जेल में है, जिनका कोई चार्ज सीट नही लगाया गया है। बिकरु कांड के नाम पर हरियाणा से एक 17 साल के लड़के को पुलिस ने उठा लाई और उस को भी गोली से मार दिया गया। विनय तिवारी का नाम पूछने के बाद उसको ब्राह्मण होने के नाते गोली मार कर हत्या कर दिया गया। भाजपा की सरकार ब्राह्मणों पर अपराधी करण का नाम देकर उनकी हत्या की जा रही है। उन्हों ने कहा कि बिकरु कांड के नाम पर खुशी नामक लड़की जिस की उम्र 16 वर्ष की थी। उस को उठा लाये और जबरन मुलजिम बना दिया, उस की तो हाथ की मेहदी भी नही छूटी थी। बाद में उस को बाराबंकी ले गए और फर्जी बयान बाजी कराया। उन्हों ने कहा की ब्राह्मणों को सब से अधिक सम्मान अगर किसी ने दिया है तो बहुजन समाज पार्टी ने दिया है। उन्हों ने कहा कि 2002 मे 40 ब्राह्मणों को टिकट दिया गया था। 2007 में 85 ब्राह्मणों को टिकट दिया गया था। सरकार बनी और 15 कैबिनेट मंत्री, 35 से अधिक ब्राह्मणों को मंत्री का दर्ज दिया गया था। उन्हों ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 16 प्रतिशत ब्राह्मण है। लेकिन इस से एक भी सीट नही जीती जा सकता है। इस के लिए ब्राह्मणों को दलित वर्ग जिनकी संख्या 23 प्रतिशत है, उनके साथ भाई चारा बनाकर सीट जीती जा सकती है। किसी भी सीट को जीतने के लिए कम से कम 40 प्रतिशत वोट की जरूरत होती है। अगर दोनो मिल जाये तो 40 प्रतिशत से ऊपर वोट हो जाता है। उन्हों ने कहा कि 2007 में जब बहन मायावती मुख्यमंत्री थी तो पूरे प्रदेश में विकास का कार्य हर क्षेत्र में कराया था।

दबंगों से त्रस्त महिला ने एस पी से लगाई गुहार

गोण्डा। मोती गंज थाना क्षेत्र में एक महिला दबंगो से त्रस्त होकर अपने परिवार और जमीन को बचाने के लिए पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है। मोती गंज थाना क्षेत्र के कोल्हुवा भुलैया गांव के निवासी प्रतिमा सिंह पत्नी छांगुर ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाते हुए कहा है कि अपने पति के साथ लखनऊ में रहती है तथा उस की लड़की निशा सिंह ललिता सिंह व उस की सास महन्था देवी उर्फ सन्ध्या देवी गांव में रहती है। उस ने कहा कि उस के गांव के रमेश सहित अन्य लोग दबंगई के बल पर मकान के सहन दरवाजे पर जबरन नाली निकाल कर कब्जा करना चाहते है, जिस का विरोध किया। मारने के लिए दौड़े इस पर अपने पति के साथ घर मे घुस गई। घर मे घुस कर उस की पुत्री निशा सिंह, ललिता सिंह पति छांगुर सास महन्था को मारा पीटा गया। घर मे रखा पंखा कुर्सी को भी तोड़ दिया गया। घायल अवस्था मे सभी लोग मोती गंज थाने पर पहुँच गए।पुलिस को घटना की तहरीर दिया। घायल अवस्था मे काजी देवर स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। हालत खराब होने की वजह से उस को और उस की पुत्री निशा सिंह ललिता सिंह को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। प्रतिमा सिंह ने कहा कि अब दबंग लोग मारने की धमकी दे रहे है। स्थानीय पुलिस ने सिर्फ मामूली मारपीट का मुकदमा लिख लिया है। पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही न होने से पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है।

दस लाभार्थियों को स्वीकृत प्रमाण पत्र दिए गए

करनैलगंज(गोंडा)। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी व पीएम स्वनिधि योजना के तहत लाभार्थियों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का वर्चुअल संवाद कार्यक्रम नगरपालिका करनैलगंज के मीटिंग हाल में आयोजित किया गया। जहां लाभार्थियों ने कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए इंटरनेट के माध्यम से लाइव प्रसारण देखा व सुना। कार्यकम के अंत में दस लाभार्थियों को स्वीकृत प्रमाण पत्र दिए गए।

भाजयुमो के राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह ने किया बूथ सत्यापन

करनैलगंज(गोंडा)। नगर के विवेकानंद विद्यालय में भाजपा करनैलगंज नगर मण्डल के गुड़ाही सेक्टर के बूथ संख्या 13, 20, 23 के बूथ समितियों की बैठक के साथ सत्यापन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि भाजयुमो के राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह, विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष नीरज मौर्या एवं विधानसभा संयोजक विद्याभूषण द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं को आगामी कार्ययोजना से अवगत कराया।

करनैलगंज नगर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव की धूम रही

करनैलगंज(गोंडा)। करनैलगंज नगर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव की धूम रही। जगह–जगह मंदिरों में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जगह–जगह झांकियां सजाई गई और रात्रि 12 बजते ही गोले पटाखों की आवाज सुनाई देने लगी। उसके बाद मंदिरो में घंटा घड़ियाल के साथ भगवान की आरती पूजन एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया। करनैलगंज नगर के मंदिरों के साथ–साथ ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में भी भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

भाजपा सरकार सभी मोर्चे पर विफल: अवधेश प्रसाद

छुट्टा जानवरों की समस्या को लेकर पूर्व मंत्री ने किया प्रदर्शन

अयोध्या। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अवधेश प्रसाद ने आज प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए उसे हर मोर्चे पर विफल बताया।मिल्कीपुर तहसील में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में शिरकत करते हुए श्री प्रसाद ने कहा कि प्रदेश भर में छुट्टा जानवरों के चलते किसानों की फसलें नष्ट हो रही है लेकिन प्रदेश सरकार इस महत्वपूर्ण समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर जिले में किसान प्रदेश सरकार से बेहद खफा हैं और आने वाले विधानसभा चुनाव में उसे मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार बैठे हैं।श्री प्रसाद ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरीके से हाशिए पर चली गई है,अपराधियों में पुलिस का कोई खौफ दिखाई नहीं देता।उन्होंने कहा कि 2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत के साथ जुट जाना होगा, एक बार अगर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बन गई तो उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनने से कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि बढ़ती हुई महंगाई के चलते जनता त्राहि–त्राहि कर रही है हर जरूरी चीज का दाम बढ़ाकर सरकार ने प्रदेशवासियों को बदहाली की कगार पर खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सरकार के खिलाफ समाजवादी पार्टी सड़क पर उतर कर उसकी असलियत लोगों को बताएगी,आने वाला समय समाजवादी पार्टी का ही है।जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि आज पूर्व कैबिनेट मंत्री अवधेश प्रसाद ने महंगाई खराब कानून व्यवस्था व किसानों की दयनीय स्थिति को लेकर तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया।इस दौरान बड़ी तादाद में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता वहां मौजूद रहे।

सपा प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव के अनुसार कार्यक्रम की अध्यक्षता रामतेज यादव व संचालक शिव शंकर यादव ने किया इस अवसर पर मुख्य रूप से सपा जिला महासचिव बख्तियार खान,युवा नेता अजीत प्रसाद, आभास कृष्ण कान्हा, महेंद्र यादव, राम लहू यादव, वेद प्रकाश यादव, तुलसीराम यादव, माखन लाल यादव, शशांक शुक्ला, गौरव पाठक, पृथ्वीराज यादव, यदुनाथ यादव, अनुराग दुबे, सुभाष यादव,सोहनलाल, उदय राज यादव, राम दुलारे यादव,अनुराग सिंह, मोनू यादव, गुलाब सिंह यादव, सोमनाथ, लद यादव, राजकुमार यादव,संदीप यादव, सुनील कुमार, मोहम्मद रईस खान, महेश शर्मा,सुभाष रावत, राम सागर यादव,विकास तिवारी, भगवती सिंह, राम बहादुर यादव आदि लोग मौजूद रहे।

जमीन के विवाद को लेकर एक ही परिवार के तीन लोगों को पीटा

गोण्डा। कटरा थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद को लेकर एक ही परिवार के तीन लोगों को मार पीट कर घायल कर दिया गया। इलाज के लिए लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कटरा थाना क्षेत्र के रंजीत पुर गांव के निवासी 32 वर्षीय मुकेश कुमार पुत्र रामेश्वर,35 वर्षीय रविद्र कुमार पुत्र परमेश्वर प्रसाद पांडेय और 65 वर्षीय परमेश्वर प्रसाद पांडेय को लाठी डंडा से मार पीट कर घायल कर दिया गया। गांव के कुछ लोगो से जमीन का विवाद चल रहा था। घटना की तहरीर थाने पर दी गई है।

दो बाइको की आमने सामने हुई जबरदस्त टक्कर, महिला घायल

गोण्डा। गोण्डा–बलराम पुर मार्ग स्थित नौवा गांव के पास देर शाम को दो बाइको की आमने सामने टक्कर होने से एक 48 वर्षीय महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए उस को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इटियाथोक थाना क्षेत्र के कुरशहा गांव के निवासी राज कुमारी पत्नी नन्द किशोर अपने पुत्र सन्दीप कुमार के साथ बाइक से बाजार गई थी। वापस घर आते समय दो बाइक की आमने सामने टक्कर हो गई।जिस में राज कुमारी गम्भीर रूप से घायल हो गई। उस को पहले नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। हालत गम्भीर होने पर उस को गोण्डा जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। महिला की हालत गम्भीर बनी हुई है।

जन्माष्टमी पर बैसिंग गौशाला में किया पूजन अर्चन

गोवंशों के संरक्षण व संवर्धन का लिया संकल्प

अयोध्या। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नगर निगम अयोध्या की बैसिंग गोशाला में वेदमंत्रों की मधुर ध्वनि के बीच पूजन अर्चन करके गोभक्तों ने अपनी आस्था निवेदित की। जीव जंतुओं के कल्याणर्थ सम्पूर्ण राष्ट्र में कार्य करने वाली संस्था समस्त महाजन के मैनेजिंग ट्रस्टी गिरीश भाई शाह के निर्देश पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। वैदिक रीति से कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाने के साथ गोपूजन ने पूरे परिवेश में श्रद्धा व भक्ति का संचार कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम के अधिशाषी अभियन्ता मोद नारायन झा ने कहा कि गाय की महिमा को शब्दों में नहीं बांधा जा सकता है। गाय हमारे जीवन से जुड़ी हुई है। समस्त महाजन संस्था के स्थानीय प्रतिनिधि प्रवीण दूबे ने बताया कि व्यापक स्तर गायों के संरक्षण व संवर्धन के लिए सरकारी प्रयासों के साथ आम जनता की सहभागिता का समावेश भी आवश्यक है। हिन्दू धर्म में गाय के भी 33 कोटि देवताओं का वास माना जाता है। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर यहां उपस्थित बड़ी संख्या में लोगो ने गोवंशों के संरक्षण व संवर्धन के लिए अपने योगदान के प्रति संकल्प लिया। समस्त महाजन संस्था बैसिंग गोशाला को आदर्श बनाने लिए लगातार प्रयासरत रही है। संस्था के मैनेजिंग ट्रस्टी गिरीश भाई शाह ने नगर निगम के अधिकारियों व महापौर के साथ बैठक में इसके प्रति अपने सुझाव भी दिये थे। इस अवसर वैभव पाण्डेय, अरुण तिवारी, परमानंद पाण्डेय, रामजीत सिंह, अनिल यादव, अमित तिवारी, अलावरपुर पूर्व ग्राम प्रधान योगेश मिश्रा, जयशंकर तिवारी, शुभम गुप्ता, नगर निगम के सुपरवाईजर राजेश यादव, अज्जू पाण्डेय मौजूद रहे।

पूर्व मुख्यमंती कल्याण सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

कड़े फैसले लेने के लिए जाने जाते रहेंगे बाबूजी कल्याण सिंह: दिनेश कुमार पांडे

मिल्कीपुर अयोध्या। इनायतनगर बाजार के एक विद्यालय में विधायक गोरखनाथ बाबा की अध्यक्षता में प्रदेश के दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा में मिल्कीपुर के भाजपा विधानसभा प्रभारी दिनेश कुमार पांडे भी उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री के कृतित्व पर प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी दिनेश कुमार पांडे ने कहा कि स्वर्गीय कल्याण सिंह कड़े फैसले लेने के लिए हमेशा जाने जाते रहेंगे उन्होंने यह सिद्ध किया कि राजनीति सरकार चलाने नहीं बल्कि समाज बनाने के लिए की जाती है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते हुए दिवंगत नेता कल्याण सिंह के द्वारा किए गए कार्यों की आज भी लोग सराहना करते हैं। विधायक गोरखनाथ बाबा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह के निधन से भारतीय जनता पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है शिक्षा जगत में उनके द्वारा किए गए सुधार अनुकरणीय रहे हैं। साधारण परिवार में जन्मे बाबू कल्याण सिंह ने अपनी मेहनत और योग्यता के बल पर ऊंचाई को प्राप्त किया। वह एक महान नेता थे उनके सपनों को साकार करने के लिए भारतीय जनता पार्टी निरंतर कार्य कर रही है। इसके पूर्व दिनेश कुमार पांडे का विधानसभा प्रभारी बनने के बाद प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत भी किया। रानी बाजार पहुंचने पर मिल्कीपुर विधायक गोरखनाथ बाबा के नेतृत्व में विधानसभा प्रभारी का भव्य स्वागत किया गया तथा खिहारन में ग्राम प्रधान अजीत मौर्य, कुचेरा में विनय कुमार तिवारी बिन्नू, सेवरा मोड़ पर अखिलेश पांडे, इनायत नगर बाजार पहुंचने पर वरिष्ठ भाजपा नेता राम सजीवन मिश्रा के नेतृत्व में विधानसभा प्रभारी का जोरदार स्वागत किया गया। श्रद्धांजलि सभा में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सरोज मिश्रा, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष संतोष शुक्ला, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन मौर्य, विधायक के निजी सचिव महेश ओझा, जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी, भाजपा नेता देवेंद्र मणि सल्ले, शीतला बाजपेई, शंभू सिंह, विवेक पांडे बब्बू आदि बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आपसी विवाद को लेकर दम्पति को पीटा

गोण्डा।आपसी विवाद को लेकर एक दम्पति को धारदार हथियार से हमला कर के घायल कर दिया गया। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। श्रीवस्ती जनपद के भिनगा थाना क्षेत्र के पर्सिया गांव के निवासी 35 वर्षीय राजेश चौरसिया पुत्र राम सुंदर चौरसिया और उस की पत्नी 30 वर्षीय मीना देवी पर हमला कर के घायल कर दिया गया। दोनो को भिनगा अस्पताल में रेफर कराया गया था। हालत गम्भीर होने पर उस के पति राजेश चौरसिया को गोण्डा जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की तहरीर थाने पर दी गई है।

पिलर के विवाद को लेकर बाप बेटे सहित आधा दर्जन लोगो को पीटा

गोण्डा। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान में लगाये गए पिलर को जबरन उखाड़ने से मना किया, तो बाप बेटे सहित आधा दर्जन लोगों को मार पीट कर घायल कर दिया गया। घटना की तहरीर कोतवाली देहात में दे गई है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के सुभाग पुर गांव के निवासी बद्री विशाल पांडेय ने थाने पर तहरीर दिया कि 15 वर्ष पूर्व ग्राम बेलवा नोहर तहसील कर्नल गंज में स्थित गाटा संख्या 389 में 0, 1010 हेक्टेयर का बैनामा लिया था, जिस पर उस का कब्जा था। उत्तर तरफ 20 फुट का रास्त छोड़ कर शेष भूमि पर निर्माण करा लिया था। बाकी जमीन पर उस ने अपना पिलर लगवा दिया था। गांव के ही विशनाथ पुत्र मदन सहित एक दर्जन लोग उस के पिलर को खोदने लगे जिस पर उस का पुत्र आदित्य ने विरोध किया, इस पर मार पीट के करने लगे। शोर सुनकर आदित्य के भाई अरविंद कुमार, अमित कुमार और कुशल सहित श्री निवास वर्मा पहुँच कर बीच बराव की बात कहने पर इट पत्थर और लाठी से हमला कर के घायल कर दिया गया।

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आहुत

सड़कें हों गड्ढा मुक्त, प्रत्येक जरूरत मन्द तक पहुॅचे योजनाओं का लाभ: सांसद

उन्नाव। विकास भवन सभागार में मा0 सांसद जी डॉ0 स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी जी महाराज की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। जिसमें निगरानी समिति के सम्मानित सदस्यगण भी उपस्थित रहे। माननीय सांसद डॉ0 स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी जी महाराज ने जनपद में सड़कों की जीर्णशीर्ण स्थिति पर विचार करते हुये अधिशाषी अधिकारी लोक निर्माण विभाग को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि जनपद की समस्त सड़कें गड्ढा मुक्त होनी चाहिये। उन्होंने कहा आगामी माह दिसम्बर से पहले समस्त सड़कों को गड्ढा मुक्त कराना सुनिश्चित करें, सड़कों पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नही होनी चाहिये। माननीय सांसद ने कहा जो भी सड़कों के निर्माण चल रहे हैं वे गुणवत्ता के साथ होने चाहिए उनकी कमेटी द्वारा जांच भी कराई जाए। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका उन्नाव को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। राष्ट्रीय राजमार्ग में होने वाले गड्ढों के विषय में सम्बन्धित को दिशा निर्देश देते हुये उन्होंने कहा जल्द से जल्द सड़कों को गड्ढा मुक्त कराया जाये। साथ ही नवाबगंज टोल प्लाजा से 20 किलो0 मी0 की दूरी के अन्दर आने वाले गांवों की सूची बनाकर टोल प्लाजा पर चस्पा कराने व टोल प्लाजा पर कार्यरत सुरक्षा कर्मियों का सत्यापन कराने के निर्देश दिये। अधिशाषी अभियन्ता जल निगम को विधान सभा बांगरमऊ में रिबोर का कार्य जल्द से जल्द कराने के निर्देश दिये। सांसद ने कहा समस्त विभागीय अधिकारियों को अपने विभाग की संपूर्ण जानकारी होनी चाहिए। बिना जानकारी के अधिकारी को बैठक में नहीं आना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए अब तक बने आवासों की जांच कराए जाने की मांग की। साथ ही काशी राम आवास योजना में कुछ लोगों द्वारा फर्जी आवास आवंटन करा लिये जाने पर कार्यवाही कर जांच कराकर अवैध रूप से रह रहे लोगों का आवास निरस्त कर पात्र लाभार्थियों को आवास आवंटन कराने हेतु निर्देश दिये। सांसद ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में जिन राशन की दुकानों की शिकायत मिल रही है उन दुकानों पर जांच पड़ताल के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा जनपद में राशन की कालाबाजारी नहीं होनी चाहिए, अगर इसमें कोई रंगे हाथों पकड़ा जाता है तो उस पर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी, कोटेदार गांव गांव जाकर राशन बाटेंगे, राशन कार्ड समय से बनवाना सुनिश्चत करायें तथा फीडिंग का कार्य पूरी तत्परता के साथ होना चाहिये। सांसद ने स्वास्थ्य विभाग की भी समीक्षा की उन्होंने कहा उपचार देने में भी जनपद पहले नंबर पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा जनपद में जितने भी टीकाकरण केन्द्र हैं वहां स्वयं भी जाकर देखभाल करें साथ ही उसका प्रचार प्रसार प्रत्येक विधानसभा में एल0ई0डी0 वैन के माध्यम से कर लोगों में जागरूकता फैलायें। उन्होंने कहा समस्त विभागीय योजनाओं का लाभ प्रत्येक गरीब व्यक्ति को अवश्य मिलना चाहिए। उन्होंने कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा की उन्होंने कहा जो कृषि विभाग की योजना हैं इन्हें किसान को सीधा जोड़ा जाए इसका प्रचार–प्रसार कराया जाए खाद बीज वितरण के संबंध में भी उन्होंने जानकारी ली जिसमें कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि जनपद में किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं है माननीय सांसद जी ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में जिन किसानों को अभी भी समस्या है उसका तत्काल समाधान कराया जाए जिससे कि किसान सम्मान राशि उनके खाते में पहुंचे। सांसद ने बिजली विभाग के अधिकारियों को बिजली बिल सही भेजने के निर्देश दिए उन्होंने कहा अनावश्यक उपभोक्ता को बिल न भेजा जाए इसमें विभागीय अधिकारी सुधार करें जो मीटर खराब है। उन्हें सही कराया जाये तथा खराब ट्रांसफार्मर को समय के अंतर्गत सही करा लिया जाए।सांसद ने कहा जनपद में विकास के कार्यों में अगर कोई अधिकारी लापरवाही करता है तो उसे जनपद में जगह नहीं दी जाएगी वह अपना स्थानान्तरण किसी और जनपद में करा लें उन्नाव जनपद को विकासशील अधिकारियों की जरूरत है।सांसद ने ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधानों के मध्य अच्छा समन्वय के निर्देश दिए और कहा कि शासन की प्रत्येक योजना की जानकारी प्रत्येक ग्राम सचिवों को होनी चाहिए। बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि बेरोजगारों को रोजगार के लिए योजना अंतर्गत बैंक लोन दें इसमें कोई भी लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, आम जनता से अनावश्यक रूप से लोन के लिए चक्कर न लगवाए जाएं।सांसद ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये समस्त गौशालाओं में मवेशियों हेतु समस्त सुविधाये उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिये उन्होंने कहा जल्द से जल्द से गौशालाओं का उद्घाटनधशिलान्यास करा लिया जाये। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिये साथ ही जितने भी विद्यालयों का कायाकल्प हो गया है उनकी जानकारी ली।बैठक में सांसद ने कहा सभी अधिकारीगण सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ कार्य करें मन लगाकर पूरी निष्ठा व पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाये अगली बैठक में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होंने कहा नौकरी केवल पेट पालने के लिये न करें बल्कि समस्त जरूतमन्दों तक शासन द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का लाभ पहॅुचाने के उद्देश्य से अपने कर्तव्यों का पालन करते हुये करें। बैठक के अन्त में जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार द्वारा सांसद को समस्त अधिकारीगणों की तरफ से आश्वस्त किया गया कि बैठक में जो भी निर्देश प्राप्त हुये हैं उनका शतप्रतिशत पालन किया जायेगा।

विधायक ने कोरोना वैक्सीनेशन सेंटर का किया औचक निरीक्षण

रूदौली। भाजपा विधायक रामचंद्र यादव ने प्राथमिक स्वास्थ्य सैदपुर केंद्र में बने वैक्सीनेशन सेंटर का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने आवश्यक जानकारी लेकर निर्देश जारी किए।साथ ही मवई अधीक्षक डॉ. रविकांत वर्मा को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी वैक्सीनेशन सेंटर पर स्वयं निगरानी रखे जिससे कि किसी भी प्रकार की लोगों को समस्या न हो।विधायक रामचंद्र यादव ने कोविड वैक्सीनेशन सेंटर के निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं को जांचा और निर्देशित किया।निरीक्षण के दौरान टीकाकरण कराने के लिए आये लोगों से बातचीत भी की।और ज्यादा से ज्यादा लोगो को वैक्सीन लगवाने के लिए जागरूक किया।इस दौरान भाजपा नेता तेज तिवारी,पंकज यादव,दिनेश पांडेय,रकेश तिवारी,वैजनाथ यादव,व स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

ककरहवा में सांसद ने किया बूथ समिति का सत्यापन,कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़: जगदम्बिका पाल

मण्डल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित हुआ कार्यक्रम

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बर्डपुर/सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के आह्वाहन पर बूथ विजय अभियान के अंतर्गत चल रहे बूथ सत्यापन अभियान को लेकर बुधवार को बर्डपुर मंडल के शक्ति केंद्र ककरहवा के बूथ संख्या 175,176,177 पर मण्डल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय की अध्यक्षता में सांसद जगदम्बिका पाल ने बूथ समितियों का सत्यापन किया। बूथ सत्यापन के दौरान उन्होंने बूथ अध्यक्ष तथा उनकी समितियों के पदाधिकारी तथा सदस्यों से मुलाकात कर सत्यापन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं के घर पर भाजपा का झंडा व मेरा घर– भाजपा का घर का स्टिकर भी लगाया गया। तथा उनका कुशलक्षेम भी जाना। इस दौरान उन्होंने बीजेपी की केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों और जनकल्याण हेतु शुरू की गई योजनाओं को भी गिनाया। सांसद ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ होते हैं।

इनके सक्रियता से पुनः 2022 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। पार्टी की जीत के लिए बूथ का मजबूत होना बहुत जरूरी है, प्रत्येक बूथ जीत का आधार होता है। केंद्र की नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश की योगी के नेतृत्व की भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ समितियों की संरचना ही भारतीय जनता पार्टी की विजय का आधार है। आप सभी लोग बूथ समिति सत्यापन के कार्य में जुट कर 2022 में पार्टी की ऐतिहासिक विजय का आधार तैयार कर रहे है।

मजबूत बूथ समितियों के निर्माण से बूथ विजय का संकल्प पूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि सपा व बसपा ने अपनी सरकारों में प्रदेश को अपराध व अपराधियों के हवाले कर दिया था। सपा व बसपा ने भय, आतंक, भ्रष्टाचार, जातिवाद, तुष्टीकरण और राजनीतिक का अपराधीकरण करके उत्तर प्रदेश को बदहाल करने का महापाप किया। समाजवादी पार्टी बिना अपराधियों के चार कदम भी नहीं चल सकती है। उन्होंने कहा कि सपा–बसपा व कांग्रेस के गठजोड़ से प्रदेश की भय, भूंख, भ्रष्टाचार की बनी छवि को बदलने का काम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने किया है। भाजपा सरकार की आधारशिला पार्टी के परिश्रमी कार्यकर्ताओं के परिश्रम से रखी गई है। जिससे पार्टी चुनाव दर चुनाव विजय प्राप्त कर रही है। मजबूत बूथ समितियां और उन समितियों में कर्तव्यनिष्ठ परिश्रमी पार्टी कार्यकर्ताओं का समूह फिर एक बार झूठ, भ्रम, तुष्टिकरण अपराध, जातिवाद, रंगदारी, भ्रष्टाचार की राजनीति के पैरोकारों को परास्त करके फिर एक बार कमल खिलाएगा। सभी कार्यकर्ता बूथ समिति सत्यापन के कार्य में जुट कर 2022 में पार्टी की ऐतिहासिक विजय दिलाने के लिए जी जान से जुट जाएं। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय, जिला कार्यसमिति सदस्य अम्बरीष जायसवाल, बूथ अध्यक्ष मोतीलाल, जिला महामंत्री कन्हैया पासवान जि0प0स0 सबलू साहनी, भाजपा नेत्री सरोज शुक्ला, चंद्रभान पहलवान ,विजय प्रताप जायसवाल, तेज प्रताप जायसवाल, फूलचंद लोधी, हेमंत जयसवाल, हरिशंकर तिवारी, कृष्ण कुमार शुक्ला, मंगलेश शुक्ला, बालमुकुंद जयसवाल, विजय गुप्ता, जहीर सिद्दीकी, विजय गुप्ता, राजेश कुमार, प्रहलाद, उमेश, बीपी गुप्ता, मनोज चौबे आदि मौजूद रहे।

खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश मिश्रा ने किया बैठक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। प्रा0वि0 धनगढ़वा में खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में धनगढ़वा, गौरडीह, वारिकपर एवं बेलवा के समस्त प्र0अ0ध्प्र0प्र0अ0 की एक आवश्यक बैठक बुलाई गयी बैठक में खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश मिश्रा ने निर्देश दिए की विद्यालय समय से खुलना एवं समय से बंद करने ,सेनेटाइजर तथा मास्क का प्रयोग करते हुए बच्चो को दो गज की दूरी बनाए रखने की सुझाव दिया ,मिड डे मिल नियमित बनना,सभी सूचना जो विभाग द्वारा माँगी जाय समय से उपलब्ध कराये,प्रेरणा पोर्टल पर समस्त बच्चो का नामांकन करना ,परिवर्तन लागत एवं खाद्यान्य बच्चो में वितरित करना,ड्राप आउट बच्चो का चिन्हांकन कर शारदा पोर्टल पर नामंकन कराना,शनिवार को मध्यान्ह भोजन के उपरांत बच्चो को विभिन्न आकृति में बैठा कर पुस्तकालय के किताबो का वाचन करना इत्यादि बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष राजकिशोर जी,विजय कुमार, बुधिराम वरुण, लाल बहादुर, राकेश प्रताप, जगदीश वर्मा, मुस्तफा हुसैन, हरिश्चंद्र, राकेश कुमार,उमेश चंद्र, जनार्दन प्रसाद,नन्दलाल सुरेंद्र नाथ गुप्ता,विजय कुमार,हरिन्द्र कुमार, श्रीकृष्ण गुप्ता,दिनेश भास्कर, चन्द्रिका प्रसाद, संतोष कुमार गौड़, राजेश चौधरी, दीपांकर विश्वकर्मा, राकेश कुमार, वीरेन्द्र कुमार, एवं समस्त प्रधानाध्यापक गण उपस्थित रहे।

नवनियुक्त भाजयुमो पदाधिकारियों का जनपद में भव्य स्वागत

भारतीय जनता युवा मोर्चा के बने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गौरव मिश्रा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गौरव मिश्रा, गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनोज मौर्या एवं भाजयुमो प्रदेश कार्यालय के नवनियुक्त प्रदेश सह कार्यालय प्रभारी सनी श्रीवास्तव का संयुक्त रुप से पदाधिकारी बनने के बाद जनपद सिद्धार्थनगर में प्रथम आगमन पर भाजयुमो पदाधिकारी एवं देवतुल्य कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम डुमरियागंज विधानसभा के महुआरा बॉर्डर से शुरुआत होकर बजरंगी चौक, हल्लौर, बनगवां बरई, बैदौला चौराहा, ब्लॉक गेट डुमरियागंज, मंदिर चौराहा डुमरियागंज, राप्ती नदी तट, शाहपुर चौराहा, रगड़गंज, करहिया पुल, इटवा चौराहा, टिकुइया चौराहा, रमवापुर कली, बहादुरगंज चौराहा, रानीगंज, सूपा राजा, चौधरी ढाबा, सनई चौराहा, तत्पश्चात भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा पदाधिकारी गणों एवं युवा मोर्चा के तपस्वी

पदाधिकारियों एवं युवाओं के जनसैलाब द्वारा भव्य और ऐतिहासिक स्वागत किया गया। भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गौरव मिश्रा ने कहा कि इस स्वागत कार्यक्रम को जिस प्रकार युवाओं के जनसैलाब ने ऐतिहासिक बनाया है इसके देखते हुए मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ कह सकता हूँ कि आगामी विधानसभा चुनावों में सिद्धार्थनगर जनपद का युवा वर्ग पूरी निष्ठा से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अपना मतदान करेगा और पुनः 2022 में भाजपा की सरकार पुनः स्थापित होगी और हम जनपद की पांचों सीटों पर विजय प्राप्त करेंगे। भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनोज मौर्या एवं प्रदेश सह कार्यालय प्रभारी सनी श्रीवास्तव में कहा कि युवाओं द्वारा किए गए अद्भुत स्वागत से अभिभूत हूं युवाओं के स्नेह और मार्गदर्शन में युवा मोर्चा को क्षेत्र और प्रदेश में हमारे जनपद से जिम्मेदारी दी गई यह सभी कार्यकर्ताओं के लिए सौभाग्य का विषय है हम पूरी निष्ठा से आगामी विधानसभा चुनावों में जीत सुनिश्चित करेंगे। इस स्वागत कार्यक्रम के कार्यक्रम संयोजक विकास पाण्डेय ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए, जिन सभी कार्यकर्ताओं ने अपनी पूर्ण ऊर्जा से अपना सहयोग प्रदान किया, उनका आभार प्रकट किया है। उक्त अवसर पर डुमरियागंज स्वागत कार्यक्रम में मंदिर चौराहे पर विधायक राघवेंद्र सिंह, सनई चौराहे पर स्वागत कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी, जिला भाजपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष भाजपा गोविंद माधव, महामंत्री कन्हैया पासवान, विजय कांत चतुर्वेदी, विपिन सिंह, जिला उपाध्यक्ष घनश्याम मिश्र, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, फतेबहादुर सिंह, आनंद मणि त्रिपाठी, भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी बंधु क्रमशः प्रिंस गुप्ता, नीरज मणि त्रिपाठी, निलेश चौधरी, अर्चिष्मान मिश्र, अमित चौधरी, सरवन चौधरी, निखिल सिंह, अरविंद तिवारी, मनोज अग्रहरि सहित कर्मठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कोटेदार कर रहा मनमानी,दे रहा मारने की धमकी-शमशाद अहमद

एम0पी0 सिंह/

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। जनपद सिद्धार्थनगर के मुख्यालय की ग्रामसभा खजुरिया के शमशाद अहमद, इरशाद अहमद, फारूक अली, अकालबुन्निशा, अजय कुमार, इस्लाम आदि दर्जनों उपभोक्ताओ ने बताया कि खजुरिया के उचित दर विक्रेता जिसको 25 किलो गल्ला मिलना है, उसे 22 किलो, तथा सरकारी रेट यदि गेहूं का 2ध – प्रति किलो है तो कोटेदार द्वारा 3ध– प्रति किलो के हिसाब से धनउगाही की जाती है, इसी प्रकार कुछ लोगों का अंगूठा लगवाकर उनका गल्ला हड़प लिया जाता है, और डरवा धमका कर उन्हें भगा दिया जाता है। और जब इसी बात को लेकर उक्त कोटेदार के विरूद्ध जनता अपनी आपबीती और पीड़ा लिखित शिकायत के माध्यम से उच्चाधिकारियों के यहां गुहार लगाती है, तो जैसे जांच होती है, तो अधिकारी कोटेदार के ही मेली मदद्गारों और सगे सम्बन्धियों का बयान लिखकर मामला झूठा होने की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दी जाती है, और रिश्वत लेकर सारा मामला पचा लिया जाता है, यह खेला पूरे जिले में चल रहा है, यह केवल खजुरिया की बात नहीं है, लेकिन आम जनता पुलिस के फर्जी बलात्कार की तहरीर पर जेल जाने से बचने के लिये कम गल्ला लेकर और अधिक पैसा देकर संतोष कर लेती है, जिन नागरिकों को गल्ला नहीं मिल पाता है, वह मजदूरी मेहनत कर बाहर से गल्ला खरीद कर अपना काम चलाने को मजबूर है और उत्तर प्रदेश सरकार को जिले के उच्च अधिकारी वहीं फर्जी जांच रिपोर्टें प्रेषित कर सब कुछ ओके होने की रिपोर्ट कर देते है। जब कोटेदार से पत्रकार बात करता है तो कोटेदार कहते है कि शासन से ही गल्ला कम आता है, इसीलिये कोटेदार हर राशन कार्डधारी से 3–3 किलो राशन कम देकर कम से कम प्रतिमाह एक–एक ट्राली गल्ला बचाता है, जो जिले में कुल उठान का 3000 कुन्टल से अधिक का प्रति माह का भ्रष्टाचार है। अर्थाथ इतना गल्ला कोटेदार और अधिकारी खा–पीकर हजम कर जाते है, और यह जनता का गल्ला होता है। देहात में यह खेला कोटेदारों का और लम्बा चलता है, क्योंकि वहां किसान कुछ अनाज भी पैदा कर लेते है, किन्तु शहर के नागरिक जो राशन खरीद कर ही परिवार का पेट भरते है, उन्हें यह सहन नहीं होता और मामला सड़को तक आ जाता है।

शमशाद अहमद ने लगाया आरोप जब राशन कार्डधारी नागरिक उचित दर विक्रेता के नाइंसाफी, गल्ला कम देने या राशन कार्ड के मुताबिक नागरिकों को गल्ला न देने के विरोध में मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की जाती है, तथा जिलापूर्ति अधिकारी से लिखित शिकायत होती है, तो उस नागरिक को कोटेदार द्वारा अपने पाले हुये मनबढ़ स्त्रियों की मदद से फर्जी बलात्कार के मुकदमें बन्द करवाने की दी जाती है धमकी।

विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री आवास लाभार्थियों को सौंपा चाभी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

भनवापुर/सिद्धार्थनगर। ब्लाक सभागार में आयोजित कार्यक्रम

में मुख्य अतिथि आकाश प्रताप सिंह ने चाभी के साथ पौधा देकर हरियाली का लिया संकल्प। भनवापुर। बुधवार को भनवापुर ब्लाक सभागार में गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को उनके आवास की चाभी सौपी गयी साथ ही एक पौधा दे कर हरियाली का लाभार्थियों ने संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे मौजूद प्रदेश प्रभारी हियुवा व विधायक डुमरियागंज राघवेन्द्र प्रताप सिंह के सुपुत्र आकाश प्रताप सिंह ने भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के सौ प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को उनके आवास की चाभी सौपी,साथ ही एक एक पौधा दे कर हरियाली का संकल्प दिलाया।इस दौरान विधायक पुत्र ने कहा कि भाजपा सरकार" सबका साथ सबका विकास " के रास्ते पर चल रही है।बिना किसी भेद भाव के हमेशा विकास की राजनिति करती है।ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश ओझा ने कहा कि भाजपा सरकार की मंशा के अनुरूप 2022 तक सबका अपना छत को लेकर आगे बढ़ रही हैं। वहीं योगी सरकार में गांवो के गरीबों के लिए चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तथा जरूरत मंद तक पहुचाने का काम ग्राम प्रधान, खंड विकास अधिकारी तथा सिक्रेट्री करते हुए उसकी जानकारी के लिए जागरूक करने में सहयोग कर रहे हैं।इस मौके पर खंड विकास अधिकारी धनंजय सिंह, भीम चौधरी,कुवंर मिश्रा,मंटू गुप्ता,उर्मिला देवी,मन्ना देवी,विजय कुमार,बाशमती देवी,शायना बेगम,विवेक कुशवाहा,आदि लोग मौजूद रहे।

शिक्षक जीवन पर्यंत समाज और देश को नई दिशा देने का कार्य करता है: प्राचार्य उपेंद्र कुमार

वरिष्ठ प्रवक्ता पूर्णमासी के सेवानिवृत्त पर कार्यक्रम आयोजित

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं,सेवाकाल में रहते हुए वह छात्र–छात्राओं को तो शिक्षा देते ही हैं तथा सेवानिवृत्त के बाद वे अपने अनुभवों के आधार पर समाज को नई दिशा देने का काम करते हैं। उक्त बातें जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बांसी के प्राचार्य उपेंद्र कुमार ने संस्थान के वरिष्ठ प्रवक्ता पूर्णमासी के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहा उन्होंने आगे कहा कि शिक्षक जीवन पर्यंत समाज और देश को नई दिशा देने का कार्य करता है, पूर्णमासी अपने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी लोगों को प्रभावित करते रहे हैं, मैं उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं, इस अवसर पर संस्थान के अन्य शिक्षक एवं कर्मचारियों ने उन्हें उपहार दे कर सम्मानित भी किया, कार्यक्रम के अंत में सेवानिवृत्त प्रवक्ता पूर्णमासी ने अपने सेवाकाल के दौरान के कुछ संस्मरण को भी उपस्थित लोगों से साझा किया तथा संस्थान द्वारा दिए गए सम्मान में उन्होंने कहा कि यदि हमारी कभी भी आवश्यकता इस संस्थान में होगी तो मैं सदैव तत्पर रहूंगा, इस दौरान प्रवक्ता मोहम्मद यूनुस, मंजुला यादव, मिथिलेश सिंह, धर्मेंद्र कुमार, अनुराग कुमार श्रीवास्तव, महेंद्र कुमार यादव, पंकज कुमार, अनिल कुमार बिंद, फुरकान अहमद, रामकला वरुण, ज्ञान प्रकाश पांडे, हरि कृष्ण गुप्ता, ममता श्रीवास्तव, भूपेंद्र मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

एन डी आर एफ टीम ने तटबन्धो का निरीक्षण किया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिदार्थनगर। जिला सिद्धार्थ नगर मे जिलाधिकारी के पहल

पर एन डी आर एफ की टीम को तैनात किया गया है। जिसके अंतर्गत जिला सिद्धार्थ नगर में तैनात एन डी आर एफ टीम ने जिले के प्रत्येक तहसील के संवेदनशील एवंम अतिसंवेदनशील क्षेत्रों का जायजा लेना शुरू कर दिया है, बुद्धवार को एन डी आर एफ टीम ने बोट द्वारा तहसील नोगढ़ में राप्ती नदी के समीपवर्ती गांवों अजगरा ,लोखेन, दुस्वा ताल,नतवताल ,बहगहिय, बैरवा,रीवाननकर ,अमरिया ,सँगल्दीप, गाय घाट,भुवीघाट ,शकरपारे,इत्यादि गांवों का जिला प्रशासन के साथ दौरा कर वहाँ की स्तिथि का ज्याजा लिया और रैकी के दौरान बाढ़ क्षेत्रों का एन डी आर एफ के टीम व तहसीलदार एवम प्रशासनिक अधिकारियों ने गांव के लोगों से बातचीत करके वहां की स्थिति के बारे में जानकारी लिया, बाढ़ से होने वाले सम्भावित समस्याओं के बारे में जानकारी दिया गया तथा एन डी आर एफ टीम के साथ तहसीलदार सदर ,आपदा सलाहकार, लेखपाल,व अन्य प्रशासनिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

बांसी ,खेसरहा व जोगिया के थानों का अपर पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का सन्देश



सिद्धार्थनगर। कोतवाली पर मांसी सर्किल के थाना बांसी

,खेसरहा व जोगिया के थानों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। थाना बांसी पर 31, खेसरा में 17, जोगिया में 09 विवेचना लंबित पाई गई स 15 दिवस में लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के निर्देश दिए गए। फर्जी अंकपत्रध्प्रपत्र के आधार पर बीएसए द्वारा पंजीकृत करसए 05 मुकदमों में 10 दिवस के अंदर गिरफ्तारी करके विवेचना पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इनमें जिनके द्वारा फर्जी प्रपत्र स्वीकार करके नौकरी दी गई है उनके विरुद्ध भी कार्यवाही करें तथा फर्जी प्रपत्रों के आधार पर प्राप्त नौकरी से प्राप्त संपूर्ण वेतन की रिकवरी करवाएं। विभिन्न स्तरों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निस्तारण 1 सप्ताह में अवश्य पूर्ण करें स सर्किल के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि भूमि संबंधित वा राजस्व संबंधित जो प्रकरण थाना स्तर से निस्तारित नहीं होते हैं उन सभी को प्रत्येक थाना दिवस पर सूचीबद्ध कराएं तथा पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम से निस्तारण करवाएं। हिस्ट्रीशीटर व सक्रिय अपराधियों की प्रतिमाह दो बार निगरानी अवश्य करें। अत्यंत वृद्ध हो चुके हिस्ट्रीशीटर की हिस्ट्री शीट बंद कराएं। उपरोक्त समीक्षा के समय अरुण चंद क्षेत्राधिकारी बांसी, छत्रपाल सिंह प्रभारी निरीक्षक बांसी रविंद्र प्रताप सिंह प्रभारी निरीक्षक खेसरहा तहसीलदार सिंह प्रभारी निरीक्षक जोगिया व सर्किल के समस्त उपनिरीक्षक मौजूद थे।

जिलाधिकारी ने लाभार्थियों को सौंपा चाभी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर । मुख्यमंत्री उ0प्र0योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री

आवास योजना (ग्रामीण) के 10 लाभार्थी एवं मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 05 लाभार्थियों को चाभी वितरण कार्यक्रम में बर्चुअल प्रतिभाग किया गया। एन0आई0सी0 सिद्धार्थनगर में इस अवसर पर जिलाधिकारी दीपक मीणा तथा पी0डी0 सन्त कुमार उपस्थित थे। इस अवसर पर जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जनपद सिद्धार्थनगर के प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के जाहिदा खातून, अनारकली, उर्मिला, नैमुद्दीन, शेरअली, गुड़िया, आरती, पाना देवी, गीता, मीना तथा मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के साहेब, रोहित, तीरथ, राम सेवक तथा परमात्मा को आवास की चाभी दिया गया। परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण सन्त कुमार ने बताया कि बुधवार को चाभी वितरण कार्यक्रम जनपद के प्रत्येक विकास खण्डो पर आयोजित किया गया है। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सभी लाथार्थियों को बधाई दी।

नौसढ़ में गुप्ता ट्रेडर्स घर के सामने खड़ी ट्रैक्टर ट्राली को चोरों ने उड़ाया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोरखपुर। गीडा थाना अंतर्गत नौसड चौकी से बनारस रोड पर चौकी से लगभग 1 किलोमीटर दूरी के पास गुप्ता ट्रेडर्स के नाम की दुकान है। जिस का संचालन जितेंद्र गुप्ता करते हैं आज सुबह 5:00 बजे एक चोर जो कि बाइक से बनारस रोड की तरफ से आता है और वह अपनी बाइक गुप्ता ट्रेडर्स की दुकान के आगे खड़ी कर ट्रैक्टर ट्राली को स्टार्ट कर चलता बनता है। चोर की सारी करतूत सीसीटीवी में कैद हो गई है।

मजे की बात यह है कि जो चोर ट्रैक्टर ट्राली को चुराने आया था वह अपनी गाड़ी को वही गुप्ता ट्रेडर्स की दुकान के सामने छोड़कर चला गया है। जब इस बात की जानकारी सुबह दुकान के मालिक जितेंद्र गुप्ता को हुई तो वह हक्का–बक्का रह गए और इसकी सूचना नौसड चौकी इंचार्ज अनूप कुमार को दे दिया । पुलिस ने भी उचित कानूनी कार्रवाई कर गाड़ी को ढूंढने का आश्वासन दिया है।

सम्पादकीय

उन भारतीयों को हमसे अभी तक गिला है, जो वाजिब भी है। क्या हम सात समंदर पार बस गए भारतीयों से सिर्फ यही उम्मीद रखें कि वे भारत में निवेश करें? हम उन्हें बदले में कुछ न दें। यह तो कभी भी नहीं हो सकता। हम अपने नागरिकों के हकों के लिए किसी देश पर आक्रमण...

भारत, ईदी अमीन और अफगान संकट

भारत सन 1972 और सन 2021 के बीच वास्तव में बहुत बदल चुका हैं। इस लगभग आधी सदी के अंतराल में भारत की विदेश नीति में एक्शन को खास महत्व मिलने लगा है। अब राजधानी के साउथ ब्लाक से चलने वाले विदेश मंत्रालय से सिर्फ बातें नहीं होतीं। अब बयानबाजी के लिए जगह ही नहीं बची है। अब भारत उन भारतीयों की सुरक्षा के लिए अपने सारे संसाधन झोंक देता है,जो किसी देश में गृहयुद्ध या किसी अन्य कारण के चलते फंस जाते हैं। यह सारा देश अफगानिस्तान संकट काल में देख रहा है। संभव है कि देश की युवा पीढ़ी को पता न हो कि सन 1972 में अफ्रीकी देश युगांडा में नरभक्षी शासक ईदी अमीन ने अपने देश में रहने वाले लाखों भारतीयों को मुगलिया आदेश दिया था कि वे सभी 90 दिनों में देश को छोड़ दें। हालांकि वे भारतीय ही देश की अर्थव्यवस्था की जान थे। पर सनकी अमीन कुछ भी कर देते थे। खैर, उनके फैसले से वहां पर दशकों से रहने वाले भारतवंशियों के सामने बड़ा भरी संकट खड़ा हो गया कि वे जायें तो कहां जाएं । तब भारत ने नहीं, बल्कि ब्रिटेन ने उन भारतीयों को अपने यहां शरण दी थी। तब प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार ने युगांडा सरकार के फैसले की मीडिया में निंदा करके अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया था। हालांकि कहने को तो भारत तब भी गुट निरपेक्ष आंदोलन का नेता था । पर सन 2021 का भारत अब बिलकुल अलग है। अब भारत मैदान में उतरता है। संकट का डटकर मुकाबला करता है। भारतीय वायु सेना और एयर इंडिया के विमान लगातार अफगानिस्तान से भारतीयों को लेकर स्वदेश आ रहे हैं। इन विमानों में भारतीय नागरिकों के साथ कुछ अफगानी और नेपाली भी सवार होते हैं। काबुल में जिस तरह के हालात बने हुए है उसमें हमारे विमानों का भारतीयों को लेकर आना कोई छोटी बात मत मानिए। इनको ताजिकिस्तान के रास्ते दिल्ली या देश के अन्य भागों में लाया जा रहा है। कुछ विमान कतर के रास्ते भारत आ रहे हैं। भारत अब तक अपने हजारों नागरिकों को अराजकता में पूरी तरह डूबते जा रहे अफगानिस्तान से निकाल चुका है। दरअसल भारत अपने दूतावास के अधिकारियों कर्मचारियों समेत आईटीबीपी के जवानों को भी काबुल से सुरक्षित लाने के बाद अफगानिस्तान में काम करने वाले सभी भारतीयों को सुरक्षित देश में वापस ला रहा है। भारत के अफगानिस्तान में दर्जनों बड़े प्रोजेक्ट चल रहे थे, इनमें अफगानिस्तान को खड़ा करने के लिए भारत हर तरह की मदद भी कर रहा था। भारत के तकरीबन 23 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट अब बुरी तरह फंस गए हैं। इनमें हजारों भारतीय जुड़े हुए थे। इन्हीं भारतीयों को निकाला जा रहा है। भारत की तरफ से अफगानिस्तान बांध से लेकर स्कूल, बिजली घर से लेकर सड़कें, काबुल की संसद से लेकर पावर इंफ्रा प्रोजेक्ट्स और हेल्थ सेक्टर समेत न जाने कितनी परियोजनाओं को तैयार किया जा रहा था। दरअसल, भारत वहां से भारतीयों को निकालने की तैयारी काफी पहले से कर रहा था क्योंकि अफगानिस्तान के हालात तो लगातार खराब हो ही रहे थे। भारत को समझ आ रहा था कि वहां से भारतीयों को देर–सेवर तो निकालना ही होगा। क्या अफगानिस्तान के हालातों की तुलना युगांडा से की जा सकती है? युगांडा में तो तत्कालीन इंदिरा गाँधी की सरकार ने वहां फंसे भारतीयों को राम भरोसे छोड़ दिया था। पर अब हमारी सरकार भारतीयों के साथ पूरी तरह से खड़ी हैं। भारतीय युगांडा में लुटते–पिटते रहे थे, लेकिन हमने घडियाली आंसू बहाने के सिवा कुछ नहीं किया था।

यादों भरी जिंदगी

श्वेता तिवारी

श्वक्त की खघसियत ही यही होती है कि वो एक जैसा नहीं रहता, बदलता रहता हैच्यकृबचपन से ही ये बात सुनती आ रही हूं, फिर भला ये चीखों से भरा वकघ्त क्यों नहीं गुजर रहा? हर किसी की जिघ्ंदगी में श्तुम्च होता है और उस श्तुम्च के साथ सबके रिश्ते अलग–अलग, रूप अलग–अलग, उससे मिलने वाले अहसास अलग–अलग होते हैं...। कैसे बोलें कि किसका दर्द ज्यादा है? कई बार ये श्तुम्च घर का ही कोई अपना होता है तो कई बार करीबी रिश्तेदार। किसी के भी श्तुम्च का जाना बेचौनी दे सकता है पर वो बेचौनी चार–पांच दिन में थोड़ी–थोड़ी शांत भी हो जाती है। आखिर कोई कब तक उस दुख में बना रहेगा, पर उनका क्या, जिनका श्तुम्च गया...वो अटक जाते हैं...। बिना शब्द के...। बिना आंसू के। एक सूनेपन में...। कुछ ऐसे रिश्ते भी होंगे, जो पहले हुआ करते थे, अब नहीं हैं और उनके जाने की खघ्बर आप तक शायद कभी पहुंचे भी नहीं, पर खघ्याल में वो आ ही जाते हैं। किसके सामने जाकर रोएं और रोने की वजह तो क्या ही बताएं? कभी मां–बाप चले गए, बच्चे रह गए, तो कभी बच्चे रह गए और मां बाप चले गए...जो बिना किसी सहारे कुछ नहीं कर सकते, उनका श्तुम्च चला जाए, तब?

लोग जाते हैं और हम दर्द में आते हैं। उसके बाद बस बातें, किस्से और यादें रह जाती हैं। आखिर कोई रोए भी कितना और कब तक? दिल का दर्द हमेशा आंसुओं में नहीं निकल सकता...वो कभी–कभी लबों की मुस्कुराहट में भी रहता है, जिसे देख पाना हर किसी के लिए मुमकिन नहीं...। बहुत सारी चीजें लिखी और कही गई हैं पॉजिघटिव रहने के लिए, पर इन सबके बाद भी कुछ डर ऐसे होते हैं, जो दिल के एक कोने में जगह बनाकर बैठ जाते हैं। मैं ये जानती हूं कि हम हमेशा जैसे रोते नहीं रह सकते, वैसे ही हमेशा डर में भी नहीं रह सकते।

निकलना ही होगा इससे... आगे बढना ही होगा... जो अपने हाथ में ही नहीं, उस पर कैसे काबू पा सकते हैं? तो चलिए, निहारते हैं उस रिश्ते को, जो अभी आपके पास है...। ...बरसों से बहुत कुछ जमा करके रखता है मन, उसे खाली करते हैं...। बेचौनी, डर, दर्द, आंसू...मिलते ही रहेंगे जिघ्ंदगी में...। किसी के जाने के बाद उसकी यादों और बातों का सहारा लेना ही पड़ेगा...। अजीब–सी ही बात है कि जिघ्ंदगी यादों से भरी रहती है, पर फिर भी खाली होती है। हमें श्तुम्च को जीवित रखना पड़ता है, हमारे लिए... हमें खुद ही भरने पड़ेंगे हमारे मन के पन्ने, उन शब्दों से, जिन्हें हम हमेशा से लिखना चाहते थे... श्तुम्च बस जिघ्ंदा रहना...।

सकारात्मक संबल से स्वर्णिम सफलता

डेल कारनेगी अपनी पुस्तक हाउ टू विन फ्रेंड्स एंड इनफ्लुएंस पीपलश में कहते हैं कि दूसरों को बेहतरीन छवि दें, जिसके अनुरूप वे जी सकें।श नीरज चोपड़ा अपने इस स्वर्ण पदक को शपिग्मेलियन प्रभावश का चमत्कार ही मानते हैं। इस बार नीरज चोपड़ा के कोच के साथ ही उसके इर्द गिर्द के सभी लोगों को पूरा विश्वास था कि नीरज चोपड़ा ओलंपिक में पदक प्राप्त करके आएंगे। वह लगातार हर...

रेनू सैनी

हम सभी इस समय नयी उम्मीदों के सातवें आसमान पर हैं। ओलंपिक में पहली बार भारत ने विभिन्न खेलों में पदक प्राप्त किए हैं। यह ओलपिंक भारत के लिए कई मायनो में अभी तक का सर्वश्रेष्ठ ओलंपिक माना जा रहा है। भारत की झोली में इस बार सात पदक आए हैं। इनमें नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक ने सोने–सी चमक पूरे देश में फैला दी है। कई वर्षों की तपस्या और निरंतर अभ्यास का परिणाम होता है ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतना।

आखिर हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कब, कैसे और कहां करते हैं? क्या कभी हमने इस बारे में जानने की कोशिश की है। जीवन में हम सभी का यही प्रयत्न रहता है कि हर कार्य में अपना सर्वश्रेष्ठ दें। हम कई कार्यों में अपना सर्वश्रेष्ठ देते भी हैं। इसके पीछे पिग्मेलियन प्रभाव छिपा हुआ रहता है। दरअसल लोगों में उसी स्तर तक उठने की प्रवृत्ति होती है, जितनी दूसरे लोग उनसे अपेक्षा करते हैं। लोग प्रदर्शन भी उसी स्तर पर करते हैं, जिस स्तर पर दूसरे उनसे करने की उम्मीद करते हैं। अगर किसी व्यक्ति को यह ज्ञात हो जाता है कि उससे बेहतरीन चीजों की अपेक्षा की जा रही है तो ऐसे लोग अक्सर अच्छा प्रदर्शन करते हैं।

पिग्मेलियन प्रभाव एक प्रवृत्ति है, जिसका नाम यूनानी मिथक के नायक के नाम पर रखा गया है। ज्ञात हो कि पिग्मेलियन एक कुशल मूर्तिकार था। उसने एक आदर्श महिला की ऐसी मूर्ति बनाई जो बिल्कुल जीवंत प्रतीत होती थी। उस मूर्ति को देखते–देखते वह उसका दीवाना हो गया। उसे सचमुच ऐसा प्रतीत होने लगा कि वह मूर्ति सजीव हो उठी है और उससे बात कर रही है। लोग उसे पागल कहकर संबोधित करने लगे। एक दिन पिग्मेलियन ने प्रेम की देवी एफ्रोडाइट से सच्चे हृदय से प्रार्थना की कि वे उस मूर्ति में प्राण भर दें क्योंकि उसे ऐसा प्रतीत होता है जैसे वह मूर्ति सजीव होकर उससे बातें कर रही है, मुस्करा रही है। इसलिए अब वह यह कल्पना भी नहीं कर पा रहा कि वह केवल एक मूर्ति है।

प्रेम की देवी एफ्रोडाइट ने उसके अवचेतन मन की बात सुनी और मूर्ति को सजीव कर दिया। पिग्मेलियन की कृति को सजीव देखकर लोग आश्चर्यचकित हो उठे और उन्होंने दांतों तले अंगुली दबा ली। बस इसके बाद से लोगों ने इस बात का प्रचार करना आरंभ कर दिया कि अगर मन में पिग्मेलियन जैसी सच्ची लगन हो तो मूर्ति भी सजीव हो उठती है। इस तरह पिग्मेलियन प्रभाव धीरे–ध ीरे पूरी दुनिया में फैल गया। पिग्मेलियन प्रभाव यह स्पष्ट करता है कि हमारे सारे संबंध असली मायने में खुद पूरी होने वाली भविष्यवाणियां क्यों होते हैं। इसके लिए शिक्षक एवं विद्यार्थियों पर अध्ययन भी किया गया। शिक्षकों को जिन विद्यार्थियों पर यह यकीन था कि वे परीक्षाओं एवं प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ रहेंगे, वे वास्तव में सर्वश्रेष्ठ रहे और जीते। वहीं शिक्षक जिन विद्यार्थियों को औसत मानते थे, उनका प्रदर्शन भी औसत ही रहा।

डेल कारनेगी अपनी पुस्तक श्हाउ टू विन फ्रैंड्स एंड इनफ्लुएंस पीपलच्य में कहते हैं कि श्दूसरों को बेहतरीन छवि दें, जिसके अनुरूप वे जी सकें।च्य नीरज चोपड़ा अपने इस स्वर्ण पदक को शपिग्मेलियन प्रभाव्य का चमत्कार ही मानते हैं। इस बार नीरज चोपड़ा के कोच के साथ ही उसके इर्द गिर्द के सभी लोगों को पूरा विश्वास था कि नीरज चोपड़ा ओलंपिक में पदक प्राप्त करके आएंगे। वह लगातार हर ओर से यही बातें सुन रहे थे कि जेवलिन थ्रो में नीरज का मुकाबला नहीं है। वह सबको धूल चटा देगा। यह बातें सुन–सुन कर नीरज का आत्मविश्वास भी बढ़ गया। नीरज कहते हैं कि श्जब मैं लोगों की सकारात्मक बातें अपने लिए सुनता था तो मेरा मन करता था कि मैं जेवलिन के साथ रनवे पर पहुंच दौडना शुरू करके थ्रो कर दूं। मुझे लगने लगा था कि मेरे अंदर बहुत ऊर्जा भरी हुई है। यह अहसास मुझे 4 अगस्त से और अधिक लग रहा था जब मैंने क्वालीफाइंग में 85.65 मीटर भाला फेंका था। उसी दिन से खुद के अंदर से आवाज आ रही थी कि अब मेरी जिंदगी का बहुत बड़ा पल जल्द आने वाला है।च्य

इस तरह पिग्मेलियन प्रभाव से नीरज चोपड़ा की जिंदगी के साथ ही संपूर्ण भारतीयों की जिंदगी में वह अनमोल पल आया जब नीरज चोपड़ा स्वर्ण पदक प्राप्त कर रहे थे और भारत का राष्ट्रगान ओलंपिक में गूंज रहा था। असाधारण अवसर सामान्य मौकों को जकडने पर ही बनते हैं। पिग्मेलियन प्रभाव न केवल सामान्य अवसरों को असाधारण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, बल्कि अवसरों को पैदा करने का प्रमुख कारक बनता है।

इसलिए आप भी अपने इर्द गिर्द हर व्यक्ति की ऊर्जा को बाहर निकालने में सकारात्मक वाक्यों का प्रयोग करें। ऐसा करने से शपिग्मेलियन प्रभाव्य उत्पन्न होगा। कोई भी कार्य असंभव नहीं होता। जब हमारी ऊर्जा, अभ्यास को लोगों का सकारात्मक साथ मिल जाता है तो पिग्मेलियन प्रभाव उत्पन्न होता है। यही पिग्मेलियन प्रभाव कामयाबी को ऊंची उड़ान देता है।

परिसंपत्ति मुद्रीकरण के बारे में पूरा सच जानना जरूरी है

परिसंपत्ति मुद्रीकरण की घोषणा कई महीने पहले फरवरी 2021 में केंद्रीय बजट में की गई थी। उसके लिए वेबिनार और राष्ट्रीय स्तर के विचार–विमर्श के कई दौर आयोजित किए गए। पिछले सप्ताह जो घोषणा की गई वह उसकी एक रूपरेखा थी। इससे पहले सरकार ने 2016 में एक रणनीतिक विनिवेश नीति की घोषणा की थी। हमारी सरकार दूरदर्शी एवं जन–समर्थक सुधार के लिए प्रतिबद्ध है ...

हरदीप एस पुरी

जब–तक सच घर से बाहर निकलता है, तब–तक झूठ आधी दुनिया घूम लेता हैच्य लोगों में चिंता और भय उत्पन्न करने के लिए किस तरह से झूठ, अर्धसत्य एवं भ्रामक सूचनाओं का इस्तेमाल किया जाता है, उसे यह प्रसिद्ध उद्धरण अक्षरशरू बयां करता है। हमारे प्रमुख विपक्षी दल अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता को बनाए रखने की अपनी हताशा में अक्सर इन गलत तौर–तरीकों का सहारा लेते रहते हैं।

पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम का कहना है, श्बड़ा झूठ बेनकाब हो गया है।च्यवाकई, ऐसा हो गया है। लेकिन स्वयं उनका ही झूठ बेनकाब हुआ है। यही नहीं, इससे उनकी अपनी पार्टी का यह पाखंड भी उजागर हो गया है दृ ऐसा आखिरकार कैसे हो सकता है कि जब कांग्रेस की सरकार थी तो जो देश के लिए अच्छा था, वही देश के लिए एकदम से बुरा हो गया है जब प्रध ानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के नेतृत्व में सरकार है। उनका संपूर्ण कथन पूरी तरह से झूठे दावों और अर्धसत्य से भरा पड़ा है। यह बड़े अफसोस की बात है कि एक वरिष्ठ सांसद और एक पूर्व केंद्रीय मंत्री को अपना राजनीतिक हित साधने के लिए ऐसा करना पड़ता है। हालांकि, इसमें वे पूरी तरह से विफल रहे हैं। मोदी सरकार ने महज एक हस्ताक्षर करके भारत की सार्वजनिक परिसंपत्तियों को शून्य या बर्बादी के कगार पर पहुंचा दिया है, चिदंबरम के इस दावे से यही प्रतीत होता है कि वह या तो यह समझ ही नहीं पाए हैं कि राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (एनएमपी) के तहत आखिरकार क्या किया जाना है या वह सब कुछ समझ तो रहे हैं, लेकिन पूरी सच्चाई को तोड़–मरोड़ कर पेश करना चाहते हैं। वह जानबूझकर रणनीतिक विनिवेश को परिसंपत्ति मुद्रीकरण के साथ आपस में मिलाकर भ्रमित कर रहे हैं। कटु सच्चाई यही है कि एनएमपी की कोई भी परिसंपत्ति बेची नहीं जाएगी। इन परिसंपत्तियों को उन शर्तों पर एक खुली और पारदर्शी बोली प्रक्रिया के जरिए निजी भागीदारों को पट्टे या लीज पर दिया जाएगा, जिनसे जनता के हितों की रक्षा करने के साथ–साथ और भी बहुत कुछ हासिल होगा। इसकी पूरी प्रक्रिया देश के कानून और अदालतों की अपेक्षाओं पर खरी उतरेगी। निजी भागीदार संबंधित परिसंपत्तियों का संचालन एवं रखरखाव करेगा और पट्टे या लीज की अवधि पूरी हो जाने पर उन्हें सरकार को वापस कर देगा। पूर्व वित्त मंत्री उन अभिनव तरीकों के उपयोग के बारे में स्वयं को अनभिज्ञ दिखा रहे हैं जिनका इस्तेमाल सरकार अपनी परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण में करेगी। इसके लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स (इनविट) और रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स (रीट) का उपयोग किया जाएगा, जो म्यूचुअल फंड की तरह विभिन्न निवेश का संयोजन (पूलिंग) करेंगे जिसे अवसंरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) और रियल एस्टेट में लगाया जाएगा। इससे भारत के लोग और प्रमुख वित्तीय निवेशक हमारी राष्ट्रीय परिसंपत्तियों में निवेश कर सकेंगे। कुछ इनविट और रीट पहले से ही शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हैं। पूर्व वित्त मंत्री ने मखौल उड़ाने के अंदाज में परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण से हर साल प्राप्त होने वाले जिस 1.5 लाख करोड़ रुपये को शकिरायाच्य कहा है उसकी बदौलत देश में नई अवसंरचना के निर्माण में नए सिरे से कहीं ज्यादा सरकारी निवेश करने का मार्ग प्रशस्त होगा। परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण का असली उद्देश्य यही है। दुर्भाग्यवश, 2जी, कोलगेट, सीडब्ल्यूजी और आदर्श जैसे घोटालों के कारण संप्रग सरकार एक अलग तरह के मुद्रीकरण पर फोकस करती रही थी। इस देश के ईमानदार करदाताओं पर और अधि क बोझ डाले बिना ही भारत की अवसंरचना को विश्वस्तरीय बनाने के लिए सरकार को वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता है। पिछले सात वर्षों में देश भर में बनाए गए राजमार्गों की कुल लंबाई विगत 70 वर्षों में बनाए गए राजमार्गों की समग्र लंबाई से डेढ़ गुना अधि क है। इसी तरह पिछले सात वर्षों में शहरी क्षेत्र में किया गया कुल निवेश 2004–2014 के बीच के 10 वर्षों में किए गए कुल निवेश से सात गुना अधिक है। विडंबना यह है कि श्री चिदंबरम ने इसे गलत साबित करने के क्रम में संप्रग सरकार द्वारा उठाए गए उन छोटे–छोटे प्रगतिशील कदमों को भी नकार दिया है जो सार्वजनिक परिसंपत्ति के मुद्रीकरण के लिए उठाए गए थे। दिल्ली और मुंबई हवाई अड्डों का निजीकरण संप्रग सरकार के कार्यकाल में हुआ। उस दौरान श्री चिदंबरम वित्त मंत्री थे। इतना ही नहीं वह इस मामले में निर्णय लेने के लिए जिम्मेदार मंत्री समूह के अध्यक्ष भी थे। श्री चिदंबरम लिखते हैं कि रेलवे एक रणनीतिक क्षेत्र है और इसे निजी भागीदारी के लिए खुला नहीं होना चाहिए। जब 2008 में संप्रग सरकार ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए रिक्वेस्ट फॉर क्वालिफिकेशन यानी पात्रता आवेदन आमंत्रित किया था तो उन्होंने विरोध क्यों नहीं किया था? संप्रग के बाद भी कई राज्यों में कांग्रेस की सरकार ने सार्वजनिक परिसंपत्ति के मुद्रीकरण के लिए नीतिगत निर्णय लिए हैं। फरवरी 2020 में महाराष्ट्र सरकार द्वारा मुंबई–पुणे एक्सप्रेसवे का मुद्रीकरण 8,262 करोड़ रुपये में किया गया। उस दौरान श्री चिदंबरम और उनकी पार्टी मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को ऐसा करने से रोक सकते थे। इसके बाद पूर्व वित्त मंत्री ने कुछ क्षेत्रों में एकाधिकार पैदा होने की आशंका जताते हुए एक हौवा खड़ा किया है। उन्होंने गैर–प्रतिस्पर्धी प्रथाओं के लिए अमेरिका द्वारा कुछ टेक कंपनियों पर नकेल कसने, दक्षिण कोरिया द्वारा चाएबोल्स यानी बड़े कारोबारी घरानों पर सख्ती और चीन द्वारा अपने कुछ इंटरनेट दिग्गजों के परिशोध ान का हवाला दिया है। भारत में भी ऐसे संस्थान हैं जो गैर–प्रतिस्पर्धी प्रथाओं से संबंधि त मुद्दों को निपटाते हैं। यहां क्षेत्र विशेष के लिए नियामक हैं। यहां भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग है। उपभोक्ता न्यायालय हैं। ये सभी भारत सरकार से बिल्कुल स्वतंत्र संस्थान हैं और इनके पास किसी भी गैर–प्रतिस्पर्धी प्रथा को रोकने के लिए पर्याप्त अधिकार हैं। सरकार बाजार में प्रतिस्पर्धा को बनाए रखने के लिए भी प्रतिबद्ध है और वह प्रक्रियाओं को इस तरह से तैयार करेगी जिससे कि बाजार की ताकतों के एकजुट होने की संभावना कम से कम रहे। रेलवे ट्रैक जैसे कुछ क्षेत्रों में स्वाभाविक एकाधिकार है और इसलिए वहां किसी भी परिसंपत्ति का मुद्रीकरण नहीं होगा।

पूर्व वित्त मंत्री ने रोजगार जैसे मामलों में भी हौवा खड़ा किया है। निजीकरण के मामलों का वाजपेयी सरकार द्वारा किए गए अध्ययन से पता चला है कि परिचालन का प्रबंधन कहीं अधिक कुशलता से किए जाने पर वास्तव में रोजगार की संभावनाएं बढ़ती हैं। सरकार जब प्राप्त राजस्व का नए सिरे से निवेश करेगी तो मुद्रीकरण वाली परिसंपत्तियों में नौकरियां बढने के अलावा कई नए रोजगार भी सृजित होंगे। इसका एक सकारात्मक मल्टीप्लायर इफेक्ट होगा यानी प्रभाव कई गुना बढ़ जाएगा। वित्त मंत्री रह चुके किसी व्यक्ति को इसकी सराहना करनी चाहिए। अंत में, श्री चिदंबरम ने सरकार पर एनएमपी के बारे में गोपनीयता का आरोप लगाया है। इसमें कोई सच्चाई नहीं है। परिसंपत्ति मुद्रीकरण की घोषणा कई महीने पहले फरवरी 2021 में केंद्रीय बजट में की गई थी। उसके लिए वेबिनार और राष्ट्रीय स्तर के विचार–विमर्श के कई दौर आयोजित किए गए। पिछले सप्ताह जो घोषणा की गई वह उसकी एक रूपरेखा थी। इससे पहले सरकार ने 2016 में एक रणनीतिक विनिवेश नीति की घोषणा की थी। हमारी सरकार दूरदर्शी एवं जन–समर्थक सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। हम दृढ़ विश्वास के साथ काम कर रहे हैं। छल और गोपनीयता कांग्रेस शैली के दांव–पेंच रहे हैं। यह सरकार पारदर्शिता और राष्ट्रहित से कोई समझौता नहीं करती है। लेखक केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और आवास एवं शहरी कार्य मंत्री हैं।

पशु अस्पताल, पंचायत भवन समेत 106 काटे गए कनेक्शन

देवरिया। बिजली विभाग ने दूसरे दिन भी जिले में अभियान चलाया। बकाए में 106 बिजली कनेक्शन काटे गए। एक दिन में बड़ी संख्या में कनेक्शन विच्छेद किए जाने के चलते खलबली मची रही। ग्राम पंचायतों में सोडियम लाइट, पंचायत भवन व आरओ प्लांट के अलावा परिषदीय विद्यालयों में कनेक्शन लिए गए हैं, लेकिन बिजली बिल जमा नहीं किया जा रहा है। बकाए में कनेक्शन काटने का अभियान बिजली विभाग ने शुरू कर दिया है। अधीक्षक अभियंता जीसी यादव ने कहा कि पूरे जिले में अभियान चलाकर कनेक्शन काटे जा रहे हैं।

पथरदेवा में जलकल व पशु अस्पताल के काटे गए कनेक्शन

पथरदेवा । बिजली विभाग ने बकाए में जलकल, पशु अस्पताल, बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय का कनेक्शन काट दिया। खंड विकास अधिकारी को बकाए बिल जमा करने के लिए नोटिस दिया गया। अवर अभियंता दीनानाथ शर्मा ने बताया कि पथरदेवा जलकल का 15.96 लाख रुपये, बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय पर 85 हजार, पशु अस्पताल पर 65 हजार रुपये बकाया होने के चलते कनेक्शन काट दिए गए। विकास खंड कार्यालय पर एक लाख 46 हजार रुपये बकाया है।

उतारी जा रही गांवों में लगी स्ट्रीट लाइटें

खुखुंदू। गांव की गलियों में जगमगाने वाले स्ट्रीट लाइट बिना कनेक्शन के नहीं चलेंगे। शासन के सख्त होने के बाद ग्राम सभाओं में लगी स्ट्रीट लाइटें अब विद्युत पोलों से उतारी जाने लगी हैं। जल निगम का काफी दिनों से बकाया बिल के चलते बिजली कनेक्शन विभाग ने काट दिया। जिसके बाद गांव में पानी की आपूर्ति ठप हो गई है।

बाइक की ठोकर से अधेड़ घायल, गंभीर

करौंदी बाजार। तरकुलवा थाना क्षेत्र के रामपुर अवस्थी के रहने वाले फेंकू पुत्र नबी रसूल देररात गांव के समीप मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। स्वजन रात में ही उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गोरखपुर रेफर कर दिया। फेंकू की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वह धुसवा चौराहा स्थित एक दुकान पर काम करते हैं। दुकान से देररात घर जा रहे थे, तभी रामपुर अवस्थी मस्जिद के पास मोटरसाइकिल सवार ने ठोकर मार दी।

जीवन का मूल मंत्र है अनुशासन : डा. श्रीपति

देवरिया । पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में प्रशिक्षु महिला आरक्षियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक डा. श्रीपति मिश्र ने कहा कि अनुशासन जीवन का मूल मंत्र है। अनुशासन के बिना जीवन में कुछ भी संभव नहीं है। अनुशासित रहकर ही जीवन में सफलता पाई जा सकती है। कहा कि यहां 100 रिक्रूट महिला आरक्षी प्रशिक्षण ले रही हैं। जिसमें 68 देवरिया से, 13 बलिया से, 19 रिक्रूट महिला आरक्षी सिद्धार्थनगर से प्रशिक्षण ले रही हैं। पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण लें। ऐसा कदापि ना सोचें कि यह मात्र एक प्रशिक्षण है, आपको आउटडोर तथा इनडोर में जो भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वह आपके सेवानिवृत्त होने तक आप के साथ रहेगा। प्रशिक्षण के दौरान बहाया गया पसीना आपको भविष्य में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करने में आपको सक्षम बनाएगा। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर, क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक प्रकाश चंद्र पांडेय, प्रभारी आरटीसी उप निरीक्षक श्रीकृष्ण यादव आदि उपस्थित रहे।

जिले में 125 केंद्रों पर 25042 लोगों को लगा कोरोनारोधी टीका

देवरिया। जिले में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सबसे बड़े हथियार कोरोनारोधी टीकाकरण की गति तेज है। लोगों का रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहा है। जिसके चलते लोग परेशान हैं। उनकी समस्या का हल स्वास्थ्य विभाग नहीं कर पा रहा है। .125 केंद्रों पर 25042 लोगों को कोरोनारोधी टीका लगाया गया। जिले में कुल 25 हजार लोगों को कोरोनारोधी टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया था। 18 से 45 वर्ष तक 14878 लोगों को प्रथम डोज व 1070 को द्वितीय डोज दिया गया। 45 से 60 वर्ष के लोगों में 4933 को प्रथम व 1278 को द्वितीय डोज दिया गया। 60 वर्ष से उपर 2168 को प्रथम डोज व 712 को द्वितीय डोज दिया गया। अर्बन हेल्थ सेंटर सोमनाथ व रामनाथ देवरिया में टीका लगवाने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। ऐसे में रामनाथ देवरिया में गेट बंद कर बाहर टोकन जारी कर टीका लगवाया गया। उधर सोमनाथ में टीका लगवाने के लिए लंबी कतार लोगों की लगी रही।

2092 की रिपोर्ट निगेटिव, नया केस एक भी नहीं

देवरिया। कोरोना संक्रमित का आंकड़ा जिले में भले शून्य है लेकिन स्वास्थ्य विभाग इसे लेकर अलर्ट है। एक तरफ अधिक से अधिक लोगों का विभाग टीका लगवाने में जुटा है तो दूसरी तरफ जांच भी करवा रहा है। आई कोरोना जांच रिपोर्ट में 2092 की रिपोर्ट निगेटिव रही। एक भी रिपोर्ट पाजिटिव नहीं आई। जिसे लेकर स्वास्थ्य विभाग काफी राहत महसूस कर रहा है। अभी तक जिले में कोरोना से 219 लोगों की कोरोना से मौत हुई है। 19991 लोग इलाज कराकर स्वस्थ हो चुके हैं। जिले में सक्रिय केस की संख्या एक भी नहीं है। 24 घंटे में 3123 लोगों की कोरोना जांच की गई। कुल 853405 लोगों की जांच की जा चुकी है। कोरोना संक्रमण को वही लोग गंभीरता से ले रहे हैं जिन्होंने इसे नजदीक से देखा है। जिनके घर में कोरोना संक्रमण से मौतें हुई है या परिवार संक्रमण के दौर से गुजरा है। अन्य लोग इसे गंभीरता से नहीं ले रहे। वे अभी भी इसे लेकर लापरवाही बरत रहे हैं। उधर स्वास्थ्य विभाग लोगों को लगातार कोरोना प्रोटोकाल का पालन करने के लिए लोगों को सचेत कर रहा है।

अनुबंधित बस की चपेट में आने से मजदूर की मौत

देवरिया । कोतवाली क्षेत्र के सोंदा गांव के समीप देवरिया–सलेमपुर मार्ग पर अनुबंधित बस की ठोकर से मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोग घायल को लेकर जिला चिकित्सालय पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उधर घटना के बाद वाहन चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। 48 वर्षीय बंगाली पटेल कोतवाली क्षेत्र के सोंदा गांव के रहने वाले थे। वह घर पर रहकर मजदूरी कर परिवार की जीविका चलाते थे। वह जिला मुख्यालय आवश्यक कार्य के लिए गए थे। शाम को करीब साढ़े तीन बजे साइकिल से जिला मुख्यालय से घर लौट रहे थे कि इसी दौरान गांव के सामने सेंट्रल बैंक के पास देवरिया से सलेमपुर की ओर जा रही अनुबंधित बस ने उन्हें ठोकर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस व स्वजन को दी। पुलिस व लोगों ने घायल बंगाली को जिला अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान मौत होने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए कब्जे में ले लिया। परिवार में चीख पुकार मच गई। प्रभारी निरीक्षक नवीन सिंह ने कहा कि सोंदा के पास हुई घटना में एक मजदूर की मौत हुई है। अभी तहरीर नहीं मिली है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

मांगों को लेकर जारी रहेगा शिक्षकों का आंदोलन

देवरिया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक बीआरसी परिसर में आयोजित हुई, जिसमें 21 सूत्री मांगों को लेकर होने वाले महा आंदोलन की सफलता के लिए रणनीति बनाई गई। शिक्षकों को जिम्मेदारी भी दी गई। जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार बेसिक शिक्षकों की समस्याओं को लेकर संवेदनहीन बनी हुई है। प्रदेश अध्यक्ष ने संघर्ष करने का एलान किया है। सात सितंबर को प्रदेश के सभी शिक्षक अपनी मांगों को लेकर ट्वीटर से महा अभियान चलाकर आवाज बुलंद करेंगे। दूसरे चरण में 14 सितंबर को जिले के सभी बीआरसी पर शिक्षक धरना देंगे। मुख्य सचिव को संबोधित पत्रक खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपेंगे। इसके बार भी मांगें पूरी नहीं की गई तो शिक्षक उग्र आंदोलन करेंगे। जिला मंत्री आनंद प्रकाश यादव ने कहा कि संघ को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। शताब्दी समारोह पर सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली, कैशलेस चिकित्सा, शिक्षकों की पदोन्नति, शिक्षामित्र, अनुदेशक, विशेष शिक्षक, कस्तूरबा शिक्षक को स्थायी करने समेत 21 सूत्रीय मांगों को लेकर संगठन संघर्ष कर रहा है। जयप्रकाश मणि ने कहा कि एकता और अखंडता को अक्षुण्य बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मांगों को लेकर संघर्ष करने के लिए हमेशा तैयार रहना होगा। बैठक में विनोद मिश्र, शकील अहमद खान, बैजनाथ पति त्रिपाठी, ऋषिकेश जायसवाल, नित्यानंद यादव, जयप्रकाश सिंह, नलिनी रंजन तिवारी, रमेश कुमार यादव, संजय मिश्र, सुरेश यादव, निर्भय राय, सुशील सिंह, आशुतोष कुमार शाह, सुशील कुमार यादव, घनश्याम मौजूद रहे।

202 पंचायत भवन अधूरा, इंटनरेट की सुविधा नहीं

देवरिया। ग्राम पंचायतों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। सितंबर में हर गांव के पंचायत भवनों में ग्राम सचिवालय का संचालन शुरू होना है, लेकिन जिले के 202 पंचायत भवन आज भी अधूरे हैं। कई गांवों में प्रधानों ने नवनिर्मित ग्राम सचिवालय की गुणवत्ता पर सवाल उठाया है। इसकी शिकायत डीपीआरओ व मुख्य विकास अधिकारी से की है। अधूरे पंचायत भवनों में सचिवालय का संचालन कैसे होगा, यह बड़ा सवाल है। जिले के 699 ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन के लिए बजट पास हुआ। अभी तक केवल 497 गांवों में भवन निर्माण कार्य पूरा हो सका है। कुछ ऐसे भी पंचायत भवन बने हैं। जिनकी गुणवत्ता का ध्यान ही नहीं दिया गया। जिसको लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। उधर गांवों में पंचायत सहायकों की नियुक्ति को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पंचायत भवनों में कुर्सी, मेज, कंप्यूटर समेत अन्य संसाधन लगाए जाएंगे। पंचायत सहायक हर दिन पंचायत भवन में ही लोगों के लिए उपलब्ध रहेगा। अधिकतर पंचायत भवनों तक इंटरनेट की सुविधा नहीं गांवों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। गांव सचिवालय खुलने के बाद गांव में ही प्रमाणपत्र, आय, जाति, निवास आदि प्रमाणपत्र जारी किए जाएंगे। सत्यापन के लिए लोगों को लेखपाल व सचिव के पास नहीं जाना होगा। ग्राम पंचायत से जुड़े सभी कर्मचारी सचिवालय पर उपलब्ध होंगे, लेकिन अधिकतर गांवों के पंचायत भवन तक इंटरनेट की सुविधा नहीं दी जा सकी है। अधूरे पंचायत भवन को पूरा करने का निर्देश दिया गया है। जल्द ही पंचायत भवनों के अधूरे कार्यों को पूरा कर लिया जाएगा।

सच्चे जनसेवक थे पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह

महराजगंज। भाजपा कार्यालय पर पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान भाजपा नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें रामभक्त बताया।

इसके पूर्व सभी ने पूर्व मुख्यमंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष परदेसी रविदास कहा कि भारतीय राजनीति के एक युग का अंत हो गया। पूर्व मुख्यमंत्री एक अच्छे प्रशासक रहे। उन्होंने हमेशा सिद्धांत और साहस का रास्ता चुना। उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प ले यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह सच्चे जनसेवक थे। उन्होंने हमेशा गरीबों और असहायों की मदद की। कार्यकर्ता उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लें । उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के चले जाने से राजनीति के एक युग का अंत हो गया। कल्याण सिंह की पार्टी को शिखर पर पहुंचाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिला मंत्री बैजनाथ पटेल, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री कुर्सेद अंसारी, मण्डल अध्यक्ष दिलीप शर्मा, नगर अध्यक्ष राघवेंद्र मिश्र, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अंगद गुप्ता, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा, अरविद मौर्य, अजय पटेल, सूर्यनाथ शर्मा, राकेश अग्रहरि, दुर्गा मद्धेशिया के अलावा तमाम भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने अपने दिवंगत नेता को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलिः भारतीय जनता पार्टी सिसवा मंडल द्वारा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व राजस्थान के पूर्व राज्यपाल स्व. कल्याण सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दीपक चौधरी ने किया और संचालन मंडल महामंत्री रामेश्वर जायसवाल ने किया। सर्व प्रथम सभी ने स्वर्गीय कल्याण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दिया । जिसके बाद दो मिनट मौन रखकर आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। नारायण जायसवाल, कन्हैया प्रसाद, मुन्ना गोंड, बैजनाथ सिंह, राकेश दुबे, राजेश वैश्य, राजू, राकेश कनौजिया, जयंत पांडेय, नीरज चौधरी, राजन चौधरी मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक ने थाना गौरी बाजार का किया औचक निरीक्षण

देवरिया। पुलिस अधीक्षक देवरिया डा. श्रीपति मिश्र ने गौरी बाजार थाना का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस थाना कार्यालय का निरीक्षण किया जहां कार्यालय में पुलिसकर्मियों से अभिलेखों के संबंध में पूछताछ करते हुए उनके रखरखाव के लिए निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त भोजनालय में बन रहे खाने का निरीक्षण किए आरक्षी बैरक आदि को देखने के बाद थाने पर उपस्थित पुलिसकर्मियों को उनके ड्यूटी के प्रति व कर्तव्य और दायित्व के प्रति निर्देशित किया। महिला हेल्प डेस्क पर महिला आरक्षी से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्र के संबन्ध में जानकारी ली, महिला हेल्प डेस्क के संबंध में कार्यों के ठीक ढंग से करने का निर्देश दिया।

समाजसेवी सुबास सिंह ने जलजमाव ,रास्तों पर जमी हुई गंदगी की सफाई व गड्ढों में रॉबिष डलवाई

दैनिक बुद्ध का सन्देश

हाटा/कुशीनगर। पिछले कुछ दिनों से हो रही झमाझम बारिश से नगर पंचायत सुकरौली के आसपास के क्षेत्र जलमग्न हो चुके हैं।जगह जगह जलजमाव, सड़को और घरों तक पानी भर जाने से आमजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।इन समस्याओं के निजात दिलाने के लिए नगर पंचायत सुकरौली के पिपरा उर्फ तितला निवासी पूर्व प्रधान समाजसेवी सुबास सिंह ने इस जनहित समस्याओं को देखते हुए जलनिकासी के साथ साथ रास्तों पर जमी हुई गंदगी के सफाई व्यवस्था में जोरदार पहल किया है।इतना ही नहीं जगह जगह रास्तों में पड़े हुए गड्ढों में भट्ठे की रॉबिष व धुस की लाल मिट्टी डलवाने का कार्य किया है। नगर पंचायत सुकरौली के मुख्य कस्बे के दोनों तरफ नहरों से सिल्ट की सफाई कराकर आसपास के जलजमाव से लोगो को निजात दिलाने की पहल की है।साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग के उत्तर और गनेशपुर के मध्य सैकड़ों एकड़ जलमग्न फसलों को बचाने हेतू सार्थक प्रयास किया। इतना ही नहीं पिपरा उर्फ तितला के मुहल्ले में जाने वाले मुख्य पश्चिमी मार्ग की सफाई के साथ साथ गड्ढे में तब्दील हुई मार्ग पर व सुकरौली के घनी आबादी वाले मार्ग में भट्ठे की रॉबिष डलवाई है। ऐसे जनहित कार्य करने के लिए समाजसेवी सुबास सिंह की चर्चाएं नगरपंचायत क्षेत्र में जोरो पर है। लोग इस समाजसेवी की बखूबी प्रशंसा कर रहे हैं। इस जनसेवा कार्य के लिए समाजसेवी सुबास सिंह को संजय यादव, अरविंद यादव, रामधनी सिंह ,पन्नेलाल यादव ,धनेश सिंह, विद्यासागर, सत्यप्रकाश पांडेय सहित तमाम लोगों ने प्रशंसा की।

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ डीसी एनआरएलएम ने की बैठक

विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत बर्डपुर नम्बर 11 के सचिवालय पर हुआ बैठक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय स्वयं सहायता आजीविका मिशन के तहत बुधवार को बर्डपुर विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत बर्डपुर नम्बर 11 के टोला महापाली दक्षिण में स्थित सचिवालय पर डीसी एनआरएलएम योगेंद्र लाल भारती ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व समूह की महिलाओं के साथ बैठक की। एनआरएलएम योगेंद्र लाल भारती समहू के महिला से वार्ता करते हुए समूह के कार्यो के बारे में जानकारी ली। आजीविका मिशन के बारे में महिलाओं को बताते हुए बताया कि आजीविका एक मिशन है। यह सरकार द्वारा संचालित किया जाता है। आय बढ़ाने का जरिया कैसे प्राप्त होगा, या रोजगार सृजित करने के

इसके बारे में भी महिलाओं को जागरूक किया। डीएमएम विमलेश कुमार ने बताया कि यह मिशन सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जा रहा है जो आजीविका मिशन के नाम से संचालित किया जाता है। साधन लिए आजीविका बढ़ती रहेगी। दैनिक चीजो के लिए जो धन अर्जित करके जाम करते है उसी के माध्यम से आजीविका मिशन चलती है। महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो और अपने मेनहत व लग्न के साथ परिवार की मुख्य भूमिका निभा सके इसके लिए सरकार समूह के माध्यम से यह मिशन संचालित कर रही है। इसमें पनसूत्र नियम पर कार्य समूह की महिलाएं करती है। बैठक में वीएमएम रामकिशोर, आईसीआरपी गयन्त्री, बेदुला, अनीता, सलिमुन्निशा, शायरा, गीता देवी, नीता देवी, शोहरती, माधुरी देवी, आरती देवी, मोमिना खातून, खतीजा खातून आदि मौजूद रही। चित्र परिचय–बर्डपुर नम्बर 11 के सचिवालय पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ बैठक करते डीसी एनआरएलएम व प्रधान प्रतिनिधि

विकास कार्य जनता जनार्दन की देन: पवन केडिया

विधायक ने पंचायत भवन की रखी आधारशिला, किया भूमि पूजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

हाटा/कुशीनगर। विकास खंड मोतीचक के ग्राम सभा पकड़ी बावन में क्षेत्रीय विधायक पवन केडिया ने पंचायत भवन के नव निर्माण हेतु विधिवत पूजन के साथ भूमि पूजन कर आधारशिला रखी। इस मौके पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि विधानसभा के अन्दर जो भी विकास हो रहा है वह आप जनता जनार्दन की देन है आपने केन्द्र मे मोदी व प्रदेश में योगी की सरकार बनायी है जिससे हर क्षेत्र में विकास कार्य हो रहा है। जिसके क्रम में बेदूपार– पकड़ी सड़क का नवीनीकरण कार्य प्रारंभ होने जा रहा है इस गाँव मे पोखरे पर छठ घाट का निर्माण होने जा रहा है,गांव के सभी जर्जर पोल व तार बदलने जा रहा है। विधायक ने गांव में भ्रमण कर विकास कार्यों का निरीक्षण किया एवं जनता की समस्याओं को भी सुना। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रवीण सिंह, रामक्यास सिंह, अशोक गोड़, देवकुमार मिश्रा, रजनीश बर्नवाल, अरूण पाण्डेय, बांकेलाल चौहान, मुन्ना चौरसिया, त्रिभुवन मिश्र, गुड्डु गुप्ता, ग्राम सचिव एवं अधिक संख्या मे महिलाए व पुरूष मौजूद रहे।

नाईट कर्फ्यू पालन के लिए मुस्तैद रही प्रशासन

सांसद के क्षेत्रीय दौरे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में चौकस रही पुलिस

दैनिक बुद्ध का सन्देश

हाटा/कुशीनगर। सरकार द्वारा रात्रि 9 बजे के बाद रात्रि कर्फ्यू का कड़ाई से पालन कराने के लिए सुकरौली चौकी इंचार्ज सुरेन्द्र बहादुर अपने स्टाफ मुकेश चौहान, राजन जायसवाल, मदन यादव तथा अन्य के साथ गश्त पर निकले।चौकी इंचार्ज ने जगह जगह कृष्ण जन्माष्टमी के पंडालों का भी निरीक्षण करते हुए संबंधित लोगो को आवश्यक निर्देश दिये।साथ ही जाम की समस्या से निजात के लिए अनावश्यक खड़ी गाड़ियों को भी हटवाया। बताते चलें कि विजय दूबे सांसद कुशीनगर का मंगलवार को सुकरौली सहित के क्रम में सुकरौली पुलिस

आसपास क्षेत्रीय दौरों का कार्यक्रम था।जिसमे उन्होंने क्षेत्र भ्रमण करते हुए सुकरौली सहित अन्य स्थानों का दौरा किया।सांसद की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था चौकस प्रशासन मंगलवार को पूरे दिन मुस्तैद रही। उत्तर प्रदेश सरकार जनता की सुरक्षा के प्रति कटिबद्ध है।समय–समय पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में आवश्यक निर्देश जारी होते रहे हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नाइट कर्फ्यू घोषित की गई है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व की संध्या पर स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा जगह जगह श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाए जा रहे, पंडालों का निरीक्षण करते हुए संबंधित लोगों को आवश्यक निर्देश दिया गया। पंडाल के बाहर खड़े अनावश्यक गाड़ियों को हटवाने के साथ स्थानीय पुलिस प्रशासन ने लोगों से नाइट कर्फ्यू का पालन करने की अपील किया।

राज्य महिला आयोग ने किया जागरूकता शिविर का आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। मिशन शक्ति फेज 3.0 के अन्तर्गत महिलाओ से संबधित विभिन्न कल्याण कारी योजनाओ विषयक जागरूकता शिविर सदस्या राज्य महिला आयोग उ0प्र0 श्रीमती इन्द्रवास सिंह की उपस्थिति में रेस्ट हाउस, लोक निर्माण विभाग, जेल रोड, सिद्धार्थनगर में सम्पन्न हुआ। शिविर के माध्यम से आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत गोल्डेन कार्ड, कन्या सुमंगला योजना, शादी अनुदान, बाल सेवा योजना, सामूहिक विवाह, पेंशन तथा अन्य योजनाओ के बारे में उपस्थित लाभार्थियों को जानकारी दी गयी। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत जनपद में लाभार्थियो को अधिक से अधिक पंजीकरण हो सके तथा प्रथम बार गर्भवती एवं धात्री माताओं को अधिक से अधिक संख्या में इस योजना का लाभ मिल सके इस हेतु जनपद में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सप्ताह का शुभारंभ सदस्या राज्य महिला आयोग उ0प्र0 श्रीमती इन्द्रवास सिंह जी द्वारा गर्भवती महिलाओं को फल वितरित कर किया गया। सदस्या राज्य महिला आयोग उ0प्र0 श्रीमती इन्द्रवास सिंह द्वारा उपस्थित समस्त लाभार्थियों को इस योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए अपने पोषण के लिए सभी को ध्यान देने को

कहा तथा समस्त टीके लगवाने हेतु अपील किया गया, जिससे जच्चा बच्चा सभी स्वस्थ रहे तथा भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा दिये जाने वाली समस्त योजना का लाभ भी मिल सके। इस अभियान के शुभारंभ के अवसर पर जिला कार्यक्रम समन्वयक वर्तिका द्वारा जनपद की अब तक की प्रगति के बारे में बताया गया कि अभी तक कुल 63530 लाभार्थियों के सापेक्ष 51151 (लगभग 80 प्रतिशत) लाभार्थियों का पंजीकरण हो चुका है , जिसके सापेक्ष कुल 19 करोड़ 41 लाख 17 हजार रुपये का लाभ लाभार्थियों को मिल चुका है। प्रदीप भारती जिला कार्यक्रम सहायक द्वारा पूरे सप्ताह के लक्ष्य एवं गतिविधियों के बारे में बताया गया कि इस सप्ताह में पूरे जनपद का लक्ष्य कुल 9800 रखा गया है। प्रत्येक दिवस पर विभिन्न गतिविधिया भी की जानी है जैसे उद्घाटन के उपरांत ब्लॉक स्तर पर बैठक जागरूकता अभियान, अधिक से अधिक लाभार्थियों का पंजीकरण सहित सप्ताह के अंतिम दिवस पर विशेष योगदान एवं अच्छा प्रदर्शन करने वाले कार्यकर्ताओं द कर्मचारियों एवं ब्लॉक को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर मा0 सदस्या राज्य महिला आयोग उ0प्र0 श्रीमती इन्द्रवास सिंह द्वारा आयुष्मान कार्ड भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आर जी सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 राहुल गुप्ता, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, जिला दिव्यांग जनसशक्तीकरण अधिकारी एजाजुल हक, आयुष्मान भारत जिला सूचना तंत्र प्रबंधक प्रत्यूष दुबे, आकाश मिश्र जिला कार्यक्रम अधिकारी, थानाध्यक्ष महिला थाना सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

ऑपरेशन कायाकल्प की बैठक हुई संपन्न- संध्या रानी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

टड़ियावां/हरदोई। जिलाधिकारी के निर्देशन पर बुधवार को ब्लॉक मुख्यालय के परिसर में खंड विकास अधिकारी संध्या रानी की अध्यक्षता में सभी ग्राम विकास अधिकारियों के साथ ऑपरेशन कायाकल्प सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। इसमें मुख्य रूप से भ्ब्स् परिवार द्वारा 14 ग्राम पंचायतों के विद्यालयों में एक एक स्ट्रांग रूम की स्थापना, प्राथम

श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे अखिलेश ने कहा कि सपा में होगा सभी का सम्मान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

हरदोई। पिहानी चुंगी पीली कोठी स्थित श्रद्धांजलि सभा में जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार वर्मा जीतू के यहां पहुंचे अखिलेश यादव ने बीजेपी सरकार पर साधा निशाना, बीजेपी सरकार में चरम सीमा पर महंगाई,भ्रष्टाचार, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सपा में सभी का सम्मान, समाजवादियों ने प्रदेश की जनता कों 112 पुलिस,108 एम्बुल

सांसद जगदम्बिका पाल ने किया नवनिर्मित थाना शिवनगर का उद्घाटन

राजेश शर्मा/
दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर । जनपद में अपराध को रोकने के लिए बुधवार को सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल एवं विधायक डुमरियागंज राघवेंद्र प्रताप सिंह ने नवनिर्मित थाना शिवनगर डिड़ई का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती

● प्रथम यह है कि समाज को अपराध मुक्त बनाया जाय- अनिल कुमार रॉय
● नवनिर्मित थाना शिवनगर के पहले थानाध्यक्ष बने भानु प्रताप सिंह

अनिल कुमार रॉय भी उपस्थित रहे साथ में जिलाधिकारी दीपक मीणा एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ यशवीर सिंह भी उपस्थिति रहे। उदघाट्न के बाद उपस्थित गणमान्य एव पुलिसकर्मियों से रूबरू होते हुए पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती अनिल कुमार रॉय ने कहा कि इस नवनिर्मित थाने पर नवनियुक्त पुलिसकर्मी के लिए तीन काम सबसे महत्वपूर्ण है। जिसमे प्रथम यह है कि समाज को अपराध मुक्त बनाया जाय ,दूसरा काम है कि यदि कोई अपराध घटित हो जाय तो उसका त्वरित अनावरण होना चाहिए ,तीसरा काम है कि अपराध करने वाले को सजा दिलाना। उन्होंने कहा कि जनता को पुलिस से बड़ी अपेक्षाएं है। जिसमें पुलिस को कर्तव्यनिष्ठा के साथ पालन करना बेहतर पुलिसिंग की पहचान है। ने पुलिस कर्मियों को कर्तव्यों के पालन का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि आप लोग समाज के हर अंग के साथ मिलकर काम करे लोगो के बीच से पुलिस का डर को दूर करे उन्होंने स्वच्छता एवं पोषण वाटिका पर विचार व्यक्त किया। क्षेत्राधिकारी सदर राणा महेंद्र प्रताप सिंह के संचालन में नवनियुक्त थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जॉइन्ट मजिस्ट्रेट बाँसी जगप्रवेश,अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत, क्षेत्राधिकारी बाँसी अरुण चन्द्र, थानाक्षेत्र में पड़ने वाले समस्त ग्रामसभा के ग्राम प्रधानों, जनप्रतिनिधियों सहित भारी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये: जिला जज प्रमोद कुमार शर्मा

एम0पी0सिंह/दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक निर्देश पर बुद्धवार को जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रमोद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में दिनांक 11–09–2021 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के तत्वाधान में जनपद सिद्धार्थनगर में लम्बित वादो को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित किए जाने हेतु विशेष बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत सिंह–द्वितीय, पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक चन्द्रमणि, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, अधिकारी बृजेश कुमार मिश्र, बन्दोबस्त अधिकारी मेघवरण, अधिकारी लीलाधर, सिचाई निर्माण खण्ड राकेश कुमार अधिकारी रामकिरन मेहरा, डी0आई0ओ0 (एन0आई0सी0)

● सफल राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए मिला प्रशस्ति पत्र
● सीताराम गुप्ता अपर जिलाधिकारी हुए सम्मानित

प्रमोद कुमार सेवा प्राधिकरण जिलापूर्ति अधि श्रम प्रवर्तन अधि सिंह, ड्रेनेज खण्ड नसीम अहमद, जिला वन अधिकारी चन्द्रेश्वर सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अवधेश नारायण मौर्य, जिला आबकारी अधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी आशुतोष कुमार शुक्ल, नगरपालिका शैलेन्द्र कुमार, प्रधान सहायक सेवायोजन श्री हरिश्चन्द्र, वाणिज्यिक कर ब्रजेश मिश्रा, खनन निरीक्षक नरेश कुमार महतो, एसोशिएट लीड बैंक आफिस रितेश कुमार, लेखाकार यूनियन बैंक प्रदीप कुमार यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 राहुल गुप्ता, एवं क्षेत्राधिकारी बांसी अरूण चन्द्र उपस्थित रहे। साथ ही साथ जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर प्रमोद कुमार शर्मा द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर में दिनांक 10.07.2021 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में अमूल्य सहयोग प्रदान करने पर सीताराम गुप्ता अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सिद्धार्थनगर को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर प्रमोद कुमार शर्मा द्वारा बैठक में दिनांक 11–09–2021 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलो को निस्तारित किये जाने पर बल दिया गया एवं उपस्थित अधिकारीगण से विचार विमर्श किया गया। यह जानकारी चन्द्रमणि, पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर द्वारा दी गयी।

उपजिलाधिकारी शाहाबाद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

हरदोई। शाहाबाद उपजिलाधिकारी दुबे की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें भूकिया नेताओं के द्वारा क्षेत्र की जन समस्या को लेकर उठाई आवाज विद्युत विभाग ,लोकनिर्माण विभाग, पशुपालन विभाग ,विकास खंड पिहानी ,टोडरपुर,के समस्त अधिकारी रहे मौजूद। नगर पालिका परिषद पिहानी में व्याप्त भ्रष्टाचार, आवारा गौवंशो ,जर्जर व

बच्चों द्वारा संचालित ई रिक्शा व मिलावट खोरों पर त्वरित कार्यवाही के दिए निर्देश

दैनिक बुद्ध का सन्देश

हरदोई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में प्रवर्तन से संबंधित बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी ने एआरटीओ दयाशंकर को निर्देश दिए कि ऐसे ई–रिक्शा जिनको बच्चे चला रहे हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। अनाधिकृत वाहनों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जाए।

अस्पताल का रजिस्ट्रेशन निरस्त होने के बावजूद मरीजों हो रहा इलाज

दैनिक बुद्ध का सन्देश

हरदोई। जिम्मेदार अंजान 'जानकारी के बावजूद भी स्वास्थ्य महकमा बना मूकदर्शक, नहीं हो रही कार्रवाई' कछौनाध्हरदोई यूपी सरकार के सक्त निर्देशों के बाद भी नहीं चेत रहा स्वास्थ्य महकमा आपको बताते चलें कि मानक के विपरीत अस्पतालों का

संचालन धड़ल्ले से जारी है। ताजा मामला जनपद हरदोई के नगर कछौना क्षेत्र का सामने आया है।

पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

कल्याण सिंह के निधन पर भाजपा बर्डपुर मण्डल में कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बर्डपुर/सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं

राजस्थान के निवर्तमान राज्यपाल व करोड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक व प्रेरणास्रोत कल्याण सिंह (बाबूजी) के निधन के उपरान्त मंगलवार को जिलाध्यक्ष गोविंद माधव के आह्वाहन पर भाजपा बर्डपुर मण्डल में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष बर्डपुर नितेश पाण्डेय ने कहा कि उनका निधन भारतीय राजनीति एवं भारतीय जनता पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। देश एवं उत्तर प्रदेश की राजनीति एवं जनकल्याण में उनके द्वारा किए गए अतुलनीय कार्य हम सभी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में बाबू ने प्रदेश की जनता को एक अपराध मुक्त व प्रगतिशील प्रदेश दिया। बाबू का जीवन गरीबों व राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पित रहा है। आपका निधन भारतीय राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। हम सभी कार्यकर्ताओं को उनके बताए आदर्श एवं मार्गों पर चलकर देश एवं समाज के हितों को लेकर कार्य करने की प्रेरणा लेनी चाहिए उनकी यादें हम सभी के बीच में सदैव स्मरणीय रहेंगी। इस दौरान सभी ने ईश्वर से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना किया। इस दौरान वरिष्ठ नेत्री राजकुमारी पाण्डेय जिला कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव , जिला कार्यसमिति सदस्य अरविंद उपाध्याय, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, मण्डल उपाध्यक्ष अमित उपाध्याय सबलू साहनी, सुरेंद्र यादव, पवन पाठक ,विवेक गोस्वामी, शिवकुमार मोदनवाल, बृजेश सिंह सैनिक, मंगलेश शुक्ला जनार्दन प्रसाद मौर्या, संतोष उपाध्याय, शैलेश उपाध्याय, फूलचंद जयसवाल, दीनदयाल चौधरी,संतोष यादव, कलीम अंसारी, कमरुद्दीन, शकील अहमद, रामनरेश पाल, कोदो, संजय गुप्ता, गणेश जायसवाल, दीपक कन्नौजिया , हृदयनारायण पाण्डेय आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम को भव्य बनाने लिए सपाईयों ने बनाई रणनीति

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। प्रदेश की भाजपा सरकार के खात्मे के लिए समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के अगुवाई में आयोजित प्रदेश स्तरीय खेत खलिहान, कुटीर उद्योग बचाओं किसान पटेल यात्रा कार्यक्रम के तहत 9 सितंबर को तीसरे चरण जिले में आयोजित होगी। कार्यक्रम को भव्य

बनाने के लिए सपाईयों ने कमर कस ली है। सपा जिला कार्यालय पर कार्यक्रम की सफलता के मद्देनजर बुधवार जिला इकाई की बैठक आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता करते जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक लालजी यादव ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष श्री पटेल 9 सितंबर को बस्ती जनपद के रुधौली होते हुई रामनगर डिड़ई होते जिले में प्रवेश करेंगे। बांसी होते हुए जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसभा को संबोधित करने के पश्चात अन्य स्थानों पर आयोजित चौपाल में भाग लेंगे। पूर्व राज्य सभा सदस्य आलोक तिवारी ने कहा जनता मोदी योगी सरकार को हटाने का पूरी तरह मन बना चुकी है। यह बातें मुलायम यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा के खात्मे के लिए अति पिछड़ा, दलित,कुर्मी, राजभर,लोधी,निषाद व दलितों को पार्टी से जोड़ने के लिए उनके सजातीय नेताओं को प्रदेश भरमें दौड़ा रहे हैं। जिससे जुमले वाजी एवं पूंजीपतियों की हिमायती सरकार जनता उखाड़ फेंके। हम लोगो के लिए भी विधान सभा चुनाव 2022 करो या मरो जैसा है। वरना पछताने के शिवा कुछ नहीं मिलेगा। सपा की सरकार बनने पर सभी का भविष्य सवर जाएगा। गैस, डीजल एवं पेट्रोल के दाम को बढ़ाकर जनता के गाढ़ी कमाई को चूसने का काम कर रहीं हैं। सिंह ने कहा कि इसका जवाब जनता भाजपा को हराकर अपने वोटों के माध्यम से देंगी। भाजपा सरकार गरीबों एवं नौजवानों की सबसे बड़ी दुश्मन है। इस सरकार से नौजवान, गरीब एवं किसान बदहाल है। बैठक का संचालन कलाम सिद्दीकी ने किया। पूर्व जिलाध्यक्ष सपा अजय चौधरी, पूर्व विधायक विजय पासवान, पूर्व प्रत्याशी डुमरियागंज चिंकू यादव, सरफराज भ्रमर, वीरेंद्र तिवारी,जुबैदा चौधरी, सत्य नारायण यादव, पूर्व नपा अध्यक्ष चमन आरा राइनी व मोहम्मद जमील सिद्दीकी, प्रधान राम सेवक लोधी, केपी कन्नौजिया, कमाल अहमद, अयोध्या साहू, रामू यादव, सयुस प्रदेश सचिव सुभांगी भारत, लोहिया वाहिनी प्रदेश सचिव सब्बू सलीम, सयुस जिलाध्यक्ष अंबिकेश श्रीवास्तव, छात्र सभा जिलाध्यक्ष विष्णु उमर, खुर्शीद अहमद, लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष जय प्रताप यादव, हरीराम यादव, जावेद खान, विजय यादव, घनश्याम जायसवाल, देवेंद्र सिंह, चंद्रजीत जायसवाल, पप्पू जायसवाल, फिरोज चौधरी, अनीता द्विवेदी, अनिरुद्ध यादव, हरि नारायण यादव, तोता राम वर्मा, चंद्रजीत यादव, बहरैची प्रेमी, राकेश यादव, हारुन व अजितेज सिंह आदि ने संबोधित किया।

अखिल भारतीय ग्राम पंचायत सदस्य महासंघ की बैठक 5 सितंबर को

दैनिक बुद्ध का सन्देश

करमाध्सोनभद्र। अखिल भारतीय ग्राम पंचायत सदस्य महासंघ की बैठक 5 सितंबर को ज्ञान भूमि बिद्यापीठ में आहुत की गयी है जिसमें जनपद सोनभद्र के सभी ग्राम पंचायत सदस्यों से आग्रह है कि उक्त बैठक में उपस्थित होकर अपने अधिकारों व कर्तव्यों को जाने साथ ही साथ बिकास खण्ड कर्मा के ब्लाक अध्यक्ष के चयन की भी प्रक्रिया भी पूर्ण की जायेगी उक्त आशय की जानकारी संयुक्त रूप से महासंघ के संयोजक व संचालक राम प्रवेश यादव व रविकान्त तिवारी ने दिया।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हुआ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। इन दिनों बाढ़ की विभीषिका ने लोगों का जनजीवन अस्त–व्यस्त कर दिया है। लोगों के खाद्यान्न सहित स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से दो चार होना पड़ रहा है। ऐसे में शोहरतगढ़ के मशहूर डाक्टर मोहम्मद सरफराज अंसारी अपनी टीम के साथ शोहरतगढ़ क्षेत्र के मटियार उर्फ भूतहवा, खैरी शीतल प्रसाद, झूँगाहवा, तौलिहवा, तिरचाहवा, बालानगर, इटहिया, प्रतापपुर आदि के लोगों को स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से सर्दी जुखाम, बुखार, सरदर्द , खांसी, खुजलाहट आदि से संबंधित मरीजों को निःशुल्क दवाएं दी। विदित हो डॉ अंसारी हॉस्पिटल अपने फ्री मेडिकल कैम्प की वजह से लगातार चर्चा में बना हुआ है। लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने व बाढ़ में लोगों को स्वास्थ्य लाभ के लिए डॉ अंसारी हॉस्पिटल शोहरतगढ़ की ओर से विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख चौराहों पर मेडिकल कैम्प के माध्यम से हजारों लोगों का उपचार कर चुके है। शिविर में लगभग 430 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर निशुल्क दवाइयों के साथ डॉक्टरों से परामर्श भी लिया। बाढ़ प्रभावित इलाकों में निशुल्क मेडिकल कैम्प की आम ग्रामीणों ने सराहना की। डॉ अंसारी हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर एजाज अंसारी ने बताया कि शिविर में मरीजों की ईसीजी, शुगर, बीपी और वजन आदि की जांच की गई झुनगहवा क्षेत्र के लोगों का भी काफी सहयोग मिला है। इस दौरान डॉ अंसारी हॉस्पिटल के मशहूर सर्जन डॉ मोहम्मद सरफराज अंसारी, डॉ रहमत अली, समाजसेवी मसूद आलम, हाजी सिराजुल हक, मोनू भाई, पूर्व प्रधान राधेश्याम, प्रधान दिनेश, कोटेदार राकेश राजभर, परवेज अख्तर, जफर, मासूम, इजहार, आरिफ, महेश यादव आदि मौजूद रहे।

● सर्जन डॉ सरफराज अंसारी ने लोगों में बंटवाई मुफ्त दवाएं, लोगों ने दी दुआएं
● प्रमुख चौराहों पर मेडिकल कैम्प लगाकर लोगों का कर रहे है उपचार

16 वर्षीय युवक की कुँए मे गिरने से मौत

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्। शाहगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनौटी गांव में सुबह लगभग 16 वर्षीय युवक की कुँए मे गिरने से डूबकर मौत हो गई। सूत्रों से पता चला कि अमन पुत्र राजेन्द्र तिवारी घर से दूर अपने खेत पर सुबह गया था और कुएँ के पास अमरुद के पेड़ पर चढकर अमरुद तोड़ने लगा होगा और अचानक कुएँ मे गिर गया होगा। जब काफी देर बाद घर नही आया तो परिजन खेत पर ढूंढने गए जहाँ कुएं के पानी मे चप्पल तैरता नजर आ कुएँ के अंदर कटिया डालकर ढूंढने लगें और युवक का शव मिला और गांव में घटना से मातम छा गया मृतक दो भाईयों मे छोटा था। पुलिस मौके पर पहुंच शव को जिला अस्पताल भेज दिया।

समाजवादी पार्टी के किसान नौजवान पटेल यात्रा का सेउता विधानसभा में किया गया स्वागत

सेवता (सीतापुर)। विधानसभा के पूर्व विधायक महेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने कई स्थानों पर स्वागत किया। यात्रा में समाजवादी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का सेउता विधानसभा के कनकारी में जिला पंचायत सदस्य पवन सिंह ने किया। जिसके बाद बम्भनावा में गांधी पार्क पर पूर्व विधायक महेंद्र कुमार सिंह झीन बाबू के नेतृत्व में सभा की गई। सभा में बोलते हुये प्रदेश अध्यक्ष ने किसान व नौजवान के को आगे आने की अपील करते हुए प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि किसान, नौजवान, मजदूर दुखी है। भाजपा ने उनसे वादा खिलाफ ी की है यह सरकार केवल जुमला पार्टी है। यात्रा रेउसा होते हुये बहराईच को प्रस्थान कर गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से क्षत्रपाल यादव, दिग्विजय सिंह देव, नरेंद्र सिंह वर्मा, रिजवान अहमद, श्याम मनोहर मिश्र, तौकीर अहमद अल्लन, पवन सिंह, श्रीकेशन पाल, श्यामजी शुक्ला, सीताराम यादव, दिनेश प्रताप सिंह, श्रवण कुमार कुमार निर्मल, दुर्गेश प्रजापति, बलजीत सिंह, डॉ हबीब, नरेंद्र शुक्ला सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे। मानपुर संवाददाता के अनुसार किसान नौजवान पटेल यात्रा अभियान पर निकले समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने लखनऊ से महमूदाबाद से बिसवां, बिसवां से मानपुर, मानपुर से सीतापुर जाते समय नेमसिंह यादव की अगुवाई में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का सीतापुर– बिसवां मार्ग पर मानपुर कस्बे में भारी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा आप लोग समाजवादी पार्टी के द्वारा किए गए जनहित व कल्याणकारी कार्यों को जन.जन तक पहुंचाएं। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा समाज के कुछ वर्गों पर किए जा रहे अत्याचार से जनता पीडिघ्त है। भाजपा शासनकाल में लूट, घसोट, राहजनी, बलात्कार तथा किसानों पर हो रहे अत्याचार कृषि मूल्य लागत न मिल पाने के कारण समाज में त्राहि–त्राहि मची है। डीजल पेट्रोल पर बढ़े दामों व चरम सीमा पर पहुंची मंहगाई लोग परेशान हैं। आने वाले विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव के नेतृत्व में भारी बहुमत से उत्तर प्रदेश में सरकार बनेगी तब जाकर जनता को निजात मिलेगी।

परसेण्डी संवाददाता के अनुसार लहरपुर विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत काला बहादुरपुर संतोष वर्मा के निवास पर अनिल वर्मा पूर्व विधायक द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में नरेश उत्तम पटेल समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर नरेश उत्तम पटेल को अनिल वर्मा पूर्व विधायक एवं अतुल वर्मा युवा सपा नेता लहरपुर कौशलेंद्र सिंह प्रभारी विधानसभा लहरपुर के द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया। स्वागत क्रम में कार्यकर्ताओं से अभिभूत होकर नरेश उत्तम पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लहरपुर विधानसभा में समाजवादी पार्टी ने अनिल वर्मा पूर्व विध ायक पर सदैव भरोसा किया है। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष ने वर्तमान सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि 5 वर्षों में उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा नौजवानों को सरकारी नौकरी ना दे करके चुनावी वादे को पूरा नहीं किया है तथा किसान नौजवान मजदूर महिलाएं परेशान हैं। किसानों की फसलें आवारा पशु नष्ट कर रहे हैं। सरकार के द्वारा फसल को बचाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। आने वाले समय में लहरपुर विधानसभा में समाजवादी पार्टी का परचम फहराने के लिए कार्यकर्ताओं से अपील की। इस मौके पर अनिल वर्मा पूर्व विधायक ने अपार जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कार्यकर्ताओं का कारवां किस बात का प्रतीक है। आने वाले समय में समाजवादी पार्टी की पुण बहुमत सरकार की बनेगी इस मौके पर हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राष्ट्रमंडल खेलों की जागरूकता के लिए हुआ शिविर का आयोजन

जीवन एक संघर्ष है, जिम्मेदारी को इमानदारी से करें श्रीराम गौड़

महोली (सीतापुर)। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में नगर के कृषक इंटर कॉलेज प्रांगण में नायब तहसीलदार श्रीराम गौड़ की अध्यक्षता में कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रफुल्ल मिश्रा, राजीव अग्निहोत्री के द्वारा बच्चों को खेलों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नायब तहसीलदार ने बच्चों के साथ चर्चा की और स्पोर्ट्स जीवन जीना सिखाया। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार श्रीराम गौड़ ने कहा स्पोर्ट्स का मतलब होता है। स्पीड जीवन एक संघर्ष है इसमें जितना संघर्ष करेंगे उतनी ही सफलता मिलेगी। जिस काम में लगे उसका जिम्मेदारी व ईमानदारी से निर्वहन करें। जो जितनी बड़ी कुर्बानी देता है उसका करेक्टर उतना ही ऊंचा रहता है, उठने खाने, सोने का निश्चित समय रहने से त्याग की भावना बनती है तो बूंद बूंद से तालाब भरता है और छोटी.छोटी चीजें जीवन में महत्व रखती हैं। आप सभी बच्चे देश का भविष्य हैं जिंदगी एक बार मिलती है। स्पोर्ट्स आपके जीवन का तरीका है जो सभी की प्रतिभा को आगे ले जाता है। सफलता के लिए एक ऐसी जगह पर पहुंचना जरूरी है। जहां पर आप अपनी इच्छाओं की पूर्ति कर सकें अपने परिवार व समाज के लिए कुछ कर जाए। इस बार के ओलंपिक में 7 मेडल जीतने वाले परिवारों में कई लोग हम जैसे हैं। जापान चाइना जैसे देश जोश जुनून और जज्बे के दम पर कई कई मेडल जीत कर ले जाते हैं। सीमित संसाधनों में बेहतर प्रदर्शन करने से ही सफलता मिलती है। जो हौसला देकर आगे बढ़ाती है और आप मेडल जीतकर दुनिया में अपना तथा अपने देश का सर गर्व से ऊंचा करते हैं। अरुणिमा सिन्हा, दुती चंद जैसे संघर्ष की तुलना देकर हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की तरह देश का नाम रोशन कर गोल्ड मेडल जीतने की अपील की। सभी बच्चों को अंत में बच्चों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ राजस्व लिपिक अरविंद तिवारी तथा समस्त कॉलेज स्टाफ और तमाम छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

दीवार गिरने से गृहस्वामी की मौत

जौनपुर । सरपतहां थाना क्षेत्र डीहअसरफाबाद गांव में मिट्टी की दीवार गिरने से छप्पर में सो रहे किसान की मौत हो गयी,जबकि दीवाल के मलबे में दबकर आधा दर्जन भेड़–बकरियों ने भी दम तोड़ दिया। घटना . रात लगभग 3 बजे की है। उक्त गांव निवासी 55 वर्षीय सिद्धू पाल पुत्र पन्डोही पाल अपने मिट्टी की दीवार से बने छप्पर के नीचे सो रहा था,पास में हीं पालतू भेड़ बकरियों को भी बांध रखा था,बारिश होने से जर्जर दीवाल रात में अचानक गिर पड़ी और सिद्धू दीवाल के मलबे मे दब गया।दीवार गिरने की तेज आवाज से परिजन एवं पास पड़ोस के लोगों की नीद खुल गई, मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों ने जब मलबे को हटाकर उसे बाहर निकाला तो सिद्धू प्राण पखेरू उड़ चुके थे।वहीं मलबे में दबने से 7भेड़ बकरियां भी मर गयी।गृहस्वामी की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को अन्त्यपरीक्षण हेतु भेज दिया। मृतक के दो पुत्र है,एक रोजी रोटी के सिलसिले में मुम्बई रहता है जबकि दूसरा घर पर खेती का काम देखता है।

बड़े लडैया महोबा वाले जिनसे हार गई तलवार

जौनपुर। सिकरारा क्षेत्र के खानापट्टी गांव के राधाकृष्ण मंदिर पर प्रख्यात आल्हा सम्राट गायक फौजदार सिंह ने 'इंदल हरण' व 'पलख बुखारा' की लड़ाई का वर्णन किया तो श्रोताओं की भुजाएं फड़क उठी और काया में जोश संचारित हो उठा। आल्हा सुन रहे भारी संख्या में मौजूद लोगों ने आल्हा सम्राट व उनके सहयोगियों की गायन के साथ ही भाव भंगिमा का करतल ध्वनि से स्वागत किया। उक्त मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाने के साथ ही "आल्हा सम्मेलन" का आयोजन हुआ। दिन में लगभग दो बजे मंच पर राजपूताना भेष धारण किये हाथ मे तलवार लिए आल्हा सम्राट अपने ढंग से पहुंचे तो पंडाल में बैठे लोगों ने खड़े होकर तालियां बजाकर उनका सम्मान किया। आयोजक दिनेश सिंह व प्रधानपति विनय सिंह सिंह व रिटायर फौजी मनोज सिंह व अधिवक्ता सुरेन्द्र सिंह ने माल्यार्पण कर स्वागत करने के साथ अंगवस्त्रम भेंट किया।

अपने चिर परिचित हाव–भाव से ख्याति प्राप्त कलाकार ने वीरता व राष्ट्र स्वाभिमान का भाव भरकर प्राचीन कला को जीवंत रखने का संदेश दिया।

इंदल हरण व पलख बुखारा की लड़ाई बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुति किया जिसे सुनकर लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। आल्हा सम्राट की लहराती हुई तलवार उनके द्वारा वीर रस के बखान की पुष्टि कर रही थी। इसी बीच बडे लडैया महोबा वाले जिनसे हार गई तलवार पर लोगों के उत्साह का ठिकाना नहीं रहा। आल्हा के माध्यम से तुष्टिकरण की राजनीति व समाज में बढ़ रहे कुरीतियों पर कुठाराघात किया। आल्हा के माध्यम से ही आल्हा सम्राट ने कहा कि हमारे पाश्चात्य सभ्यता के चंगुल में फंसने से लोकगीत का ह्रास होता चला रहा है। अगर समय रहते हम लोग नही सोचे तो आने वाले समय में हमारी परंपराएं विलुप्त हो सकती है।

विवाहिता ने पति, सास, ससुर व ननद पर लगाया प्रताडना का आरोप

सिधौली (सीतापुर)। कोतवाली के सरवा गांव निवासी एक विवाहिता ने अपने पति सास ससुर वा ननद पर प्रताडना का आरोप लगाते हुए घर से भगा देने का आरोप लगाया है। पीडिघ्ता द्वारा सिधौली कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की मांग की है। पीडिघ्ता गुडिया द्वारा बताया गया कि उसके पिता द्वारा उसका विवाह कमलेश कुमार निवासी सरवा, मजरा, हरदोईया, थाना कोतवाली सिधौली से 4 वर्ष पूर्व विवाह किया गया था। पीडिघ्ता का आरोप है कि आए दिन उसके सास–ससुर राम औतार व सुषमा देवी, ननद, विमला पत्नी अवधेश, उर्मिला, नीतू, अंजलि द्वारा दहेज ना लाने को लेकर काफी प्रताडिघ्त किया जाता है। बीते दिन उसके पति कमलेश सहित सास, ससुर और ननद ने मिलकर उसे जबरदस्त तरीके से उसे पीटा और और घर से भगा दिया। किसी तरह जब सूचना अपने भाइयों को दी और शिकायत लेकर कोतवाली सिधौली पहुंची। जहां पर उसने लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए न्याय की मांग की है।

थाने में फार्मासिस्ट के साथ बदसलूकी पर धरना

शाहगंजध्जौनपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहगंज के स्वास्थ्य कर्मियों ने खुटहन थानाध्यक्ष के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर धरना दिया। धरने में कहा गया कि फार्मासिस्ट गिरीश चंद्र यादव के साथ खुटहन पुलिस ने थाने के अंदर बदसलूकी की और उनके खिलाफ मनमानी पूर्ण ढंग से कार्रवाई की गई। स्वास्थ्य कर्मियों के धरने पर पहुंचे अधीक्षक डा. रफीक फारुकी ने पुलिस अधिकारियों से वार्ता के बाद थानाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया तो लोग शांत हुए। आश्वासन के दो घंटे बाद ध ारना समाप्त हुआ। धरना प्रदर्शन की वजह से कोविड–19 का टीकाकरण भी प्रभावित हुआ। ज्ञात हो कि खुटहन बाजार में मामूली विवाद को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात फार्मासिस्ट गिरीश चंद यादव के भतीजा शिवम यादव व भतीजी प्रज्ञा यादव को कैराडीह गांव निवासी दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। इस बात की जानकारी गिरीश यादव को हुई तो मामले की तहरीर लेकर खुटहन थाने पहुंचे। फार्मासिस्ट का आरोप है कि थानाध्यक्ष ने गाली गलौज व मारपीट कर शांति भंग की धारा में चालान भेज दिया। जिससे क्षुब्ध होकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मियों ने खुटहन थानाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। कहा गया कि फार्मासिस्ट गिरीश चंद यादव के साथ रातभर खुटहन थाने की पुलिस ने मारपीट कर प्रताड़ित करती रही।

मांगों को लेकर राज्य विद्युत परिषद ने शुरू किया ध्यानाकर्षण सत्याग्रह

फतेहपुर। जूनियर इंजीनियर संवर्ग की न्यायोचित मांगों व विभागीय समस्याओं को लेकर` राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के पदाधिकारियों ने दो दिवसीय ध्यानाकर्षण सत्याग्रह शुरू किया। अधीक्षण अभियंता से मांगों को लेकर वार्ता करते हुए ज्ञापन सौंपा। कल (आज) पुनः अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय पर ध्यानाकर्षण सत्याग्रह होगा। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के जिलाध्यक्ष नरेन्द्रनाथ मौर्य व जिला सचिव रवि कुमार की अगुवाई में जूनियर इंजीनियर व प्रोन्नत अभियंता अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय पहुंचे। जहां दो दिवसीय ध्यानाकर्षण सत्याग्रह शुरू किया। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रबंध निदेशक पूर्वांचल ने सहायक अभियंता बलवीर यादव की शिकायत पर करोड़ों रुपए का राजस्व क्षति पहुंचाने वाले अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड बस्ती के विरुद्ध कार्यवाही न करके भ्रटाचार को बढ़ावा दिया है। जूनियर इंजीनियर को इआरपी पर कार्य करने के लिए कंप्यूटर, इंटरनेट डाटा, फर्नीचर इत्यादि की व्यवस्था अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि जूनियर इंजीनियर को एटी एंड सी हानि पर वर्ष 2019 में निंद प्रविष्टि के प्रकरण पर तत्कालीन प्रबंध निदेशक द्वारा कार्यवृत्त जारी कार्यवृत्त में सहमति दिया गया है कि मुख्य अभियंता की संस्तुति के पश्चात जूनियर इंजीनियर का निंदा प्रविष्टि समाप्त कर दिया जाएगा लेकिन वर्ष 2019 से डिस्कॉम मुख्यालय में मुख्य अभियंता की संस्तुति के बावजूद निंदा प्रविष्टि को समाप्त करने के बजाय जूनियर इंजीनियर व प्रोन्नत अभियंता को लगातार चक्कर लगवाए जा रहे हैं। यह भी कहा गया कि यदि पूर्वांचल प्रबंधन द्वारा न्यायोचित मांगों व समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता तो कल (आज) पुनः ध्यानाकर्षण सत्याग्रह किया जाएगा। तत्पश्चात मांगों व विभागीय समस्याओं को लेकर संगठन के पदाधिकारियों ने अधीक्षण अभियंता से वार्ता की। अधीक्षण अभियंता ने भरोसा दिलाया कि मांगों को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष प्रमोद सिंह, मंडल सचिव जितेन्द्र मौर्या, एसडीओ पवन सिंह, निलेश मिश्रा, अभिनव मौर्या, मुकेश कुमार गौतम, अरविन्द, सुंदरम यादव भी मौजूद रहे।

बकरी चराने गई 15 वर्षीय किशोरी के साथ गांव के 3 लड़कों ने छेड़छाड़ के साथ की पिटाई

सिधौली (सीतापुर)। कोतवाली के एक गांव में बकरी चराने गयी एक 15 वर्षीय किशोरी के साथ गांव के ही 3 लड़कों ने छेड़छाड़ की और विरोध करने पर उसके बहनोई को जबरदस्त जबरदस्त तरीके से पीट दिया। पीडिघ्ता द्वारा कोतवाली सिधौली में लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया है। सिधौली कोतवाली के गांव निवासी किशोरी का आरोप है की वह अपने जीजा के घर में 6 महीने के साथ रह रही है। बीते दिनों वह जब वह बकरी चराने के लिए गांव के बाहर गई हुई थी। तभी गांव के ही 3 लड़कों द्वारा उसे छेड़छाड़ की गई। जब उसने इसकी सूचना अपने घर पर दी और उसके बहनोई द्वारा इसकी शिकायत की गई तो आरोपियों ने उसके बहनोई को भी जमकर पीट दिया। पीडिघ्त सिधौली कोतवाली आए जहां पर उन्होंने एक लिखित प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

बैंक में भुगतान न मिलने से आक्रोशित ग्राहकों ने बैंक का किया घेराव

सिधौली (सीतापुर)। सिधौली कस्बा स्थित राष्ट्रीय सहारा बैंक की स्थानीय शाखा में आज बकाया भुगतान न होने से आक्रोशित के ग्राहकों ने बैंक का घेराव किया और भुगतान करने की मांग की। ग्राहक व बैंक में फील्ड वर्कर रहे विनय बरनवाल, हिमांशु मिश्र सहित आज कई लोग विहीप व के जिला उपाध्यक्ष व पूर्व सभासद मनीष पांडे के नेतृत्व में पहुंचे और बीते तीन वर्षों से जमा किये गए धन का भुगतान किये जाने को लेकर मांग की। जिस पर बैंक में कार्यरत कैशियर एके चौधरी ने बताया कि ग्राहकों को जमा धन का भुगतान किए जाने को लेकर काफी समस्याए आ रही हैं क्योंकि बैंक में नए खाते न खुलने व बीते वर्षो सहारा प्रमुख सुब्रत राय सहारा के कानूनी कार्यवाही के चलते जोनल शाखाओं से भुगतान नहीं आ पा रहा है। जिससे बीते तीन वर्षों से भुगतान नहीं हो पा रहा। उन्होंने बताया कि हमने उच्चाधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी है। जैसे ही रकम मिलती है भुगतान कर दिया जाएगा।

महाराणा प्रताप की प्रतिमा चौराहे पर स्थापित करवाए जाने की मांग

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

फतेहपुर। शहर के किसी चौराहे पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित करवाए जाने के साथ ही गोरखपुर की बेटी काजल सिंह को न्याय दिलाए जाने की खातिर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन किया तत्पश्चात मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर व मंडल उपाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह चौहान की अगुवाई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपकर बताया कि शहर क्षेत्र में कई स्थानों पर चौराहों का निर्माण करवाया जा रहा है। किसी एक चौराहे पर राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित करवाई जाए। इसके अलावा गोरखपुर की बेटी काजल के हत्यारों को फांसी की सजा दी जाए। महासभा का कहना रहा कि यदि मांगे पूरी न हुई तो संगठन आर–पार की लड़ाई लड़ने के लिए विवश हो जाएगा। इस मौके पर जिला महामंत्री कुलदीप सिंह भदौरिया, धीरज राठौर, जितेंद्र सिंह, राम सिंह, उदयभान सिंह, उदय प्रताप, रवि प्रताप, ऋषभ सिंह, चंदन सिंह, दीपक सिंह चौहान, आशीष सिंह, विवेक सिंह, पुतान सिंह, नवीन सिंह, इंद्रजीत सिंह परिहार, प्रदीप सिंह, अमन प्रताप सिंह, तरुण सिंह, सज्जन सिंह भी मौजूद रहे।

दबंगो पर भूमि कब्जाने का लगाया आरोप

फतेहपुर। आशियाना बनाने की उम्मीद के साथ भूमि खरीदने वाले मोहम्मदपुर गौती निवासियो ने गांव के ही दबंगो पर उनके प्लाट की नींव उखाड़कर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाया है। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शिवकांत तिवारी की अगुवाई में हुसैनगंज विधानसभा क्षेत्र के मोहम्मदपुर गौंती निवासियो ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र देते हुए बताया कि आवास निर्माण के लिए उन लोगों ने प्लाट खरीदे थे। जमीन का बैनामा करवाने के पश्चात भूमि पर पक्की नींव भी भरवा रखी थी। जिसे गाँव के ही दबंगों हसनैन पुत्र गफ्फार, इस्लाम पुत्र हारून निवासी मोहम्मपुर गौंती व श्यामलाल पुत्र पीतना निवासी सुल्तानपुर घोष द्वारा जेसीबी की मदद से प्लाटों की नींव को अवैध तरीके से तोड़कर उस पर कब्जा कर लिया। लोगों ने बताया कि उनके द्वारा मेहनत मजदूरी करके गाढ़ी कमाई से मकान बनाने के लिए प्लाट खरीदे गए थे। कुछ लोगों ने बैंक से लोन भी लिया था लेकिन दबंगों द्वारा सभी के प्लाट की नींव तोड़कर उन पर अवैध ा रूप से कब्जा कर लिया गया। उन्होंने उच्चाधिकारियों से मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई किये जाने की मांग किया। इस मौके पर ननकी देवी, पवन मौर्य, कमलेश, निर्दोष, गीता देवी, सुमन देवी, अकबर अली, कमलेश गुप्ता, शिव सागर, सुमन देवी, शिवबाबू आदि रहे।

निर्माण इकाई का डीएम ने किया उद्घाटन

फतेहपुर। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत विकास खंड तेलियानी की ग्राम पंचायत बिलिन्दा में स्वयं सहायता समूह एकता स्वयं सहायता समूह द्वारा केले के पत्ते से दोना एवं पत्तल की निर्माण इकाई का उदघाटन जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने किया। जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उत्पादन एवं मार्केटिंग के बारे में जानकारी दी। कहा कि आने वाले त्योहारों पर मंदिरों, पुलिस थाना एवं समूह द्वारा संचालित प्रेरणा कैंटीनों से संपर्क स्थापित कर अपनी आय को सुद्रण कर आजीविका में संवर्धन करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश, प्रशिक्षु आईएएसध्खंड विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला मिशन प्रबंधक एवं ब्लाक मिशन प्रबंधक शिवशान्त मिश्रा सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

दीवार गिरने से बालिका की मौत

सिधौली (सीतापुर)। घर में सो रही बालिका के ऊपर दीवार गिरने से बालिका की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली इलाके के बहेरवा गांव निवासी रामजीवन यादव कि 14 वर्ष सोना रविवार कि रात परिवार के अन्य लोगों के साथ सोई हुई थी। घर में बनी कच्ची दीवार अचानक भराभरा कर गिर गई। जिससे सोना दीवार के नीचे दब जाने से मौके पर ही मौत हो गई।

जमीनी विवाद को लेकर प्रधान पति ने युवक को मारी गोली

हरदोई।थाना अतरौली के ग्राम डेहुआ मजरा कौडिया मे खेत जोतने के दौरान जमीनी विवाद को लेकर प्रधान पति सन्तराम कश्यप ने जान से मारने की नियत से एक युवक सर्वेश 30 वर्ष पुत्र रामदयाल निवासी रामनगर मजरा कौडिया के गोली मारी और वहीं प्रधान के साथी रामेश्वर, जगन्नाथ, वेद आदि ने लाठी डन्डो से सर्वेश के चचेरे भाई पप्पू को पीटकर घायल कर दिया।घायल बाइक से थाने पहुंचा।

थाना प्रभारी निरीक्षक महेश चन्द्र पाण्डेय अपनी जीप से सीएचसी भरावन ले गये।पुलिस ने घायल के भाई अमरेश की तहरीर पर उक्त चार लोगो पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।चिकित्सक ने घायल सर्वेश को जिला अस्पताल हरदोई रेफर कर दिया। अमरेश ने बताया . सुबह नौ बजे डेहुआ गांव मे स्थित अपने खेत को ट्रैक्टर से सर्वेश जोत रहा था उसी दौरान प्रधान पति सन्तराम कश्यप अपनी बोलेरो से आ गये और खेत जोतने से मना करने लगे। इस बात का सर्वेश ने विरोध करते हुए न जोतने का कारण पूछा, इसी बात पर कहासुनी व लाठी डन्डो से मारपीट कर दी।प्रधान पति सन्तराम ने अपने लाइसेन्सी रिवाल्वर से तीन फायर की, जिसमें एक गोली सर्वेश की दाहिनी कनपटी पर लगी, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा।धमकी देते हुए प्रधान पति भाग गये।प्रधान पति सन्तराम कश्यप ने बताया कि आबादी की जमीन पर कब्जा जबरदस्ती कब्जा कर रहे थे। मना करने पर मारपीट कर दी।गोली नही मारी है आरोप निराधार हैं।थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।जल्द ही आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजे जायेगे।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी प्रकाशन एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतीनगर निकट हीरो एजेन्सी, मधुकरपुर,जिला–सिद्धार्थनगर–272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
आर.एन.आई. नं०– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व० श्री के.सी. शर्मा | प्रधान सम्पादकः– राजेश शर्मा
8795951917, 9453824459
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय ही मान्य होगा
ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

पीठ के निचले हिस्से में दर्द होने पर इन बातों का रखें खास ध्यान

पीठ के निचले हिस्से में दर्द होना एक आम बात है, लेकिन यह दर्द काफी असहनीय होता है और इसके कारण उठने–बैठने में भी दिक्कत होने लगती है। यह दर्द खराब जीवनशैली, मांसपेशियों में खिंचाव और कुछ जरूरी पोषक तत्वों की कमी के कारण हो सकता है। हालांकि, अगर आप कुछ सामान्य बातों का अच्छे से ध्यान रखते हैं तो पीठ के निचले हिस्से के दर्द से छुटकारा पा सकते हैं या फिर इससे बचे रह सकते हैं।

हर समय न लेटें

अगर कोई व्यक्ति पीठ के निचले हिस्से के दर्द से ग्रस्त होता है तो वह इस चक्कर में बिस्तर पर लेटे–लेटे ही अपना काफी समय निकाल देता है और कोई भी काम नहीं करता है। हालांकि, ऐसा करने से पीठ के निचले हिस्से का दर्द कम होने की बजाय बढ़ सकता है। इसलिए जब भी आपकी पीठ के निचले हिस्से में दर्द हो तो आप थोड़ी बहुत गतिविधियां जरूर करें।

शारीरिक पॉश्चर को ठीक रखें

खड़े होते, बैठते और सोते समय शारीरिक पॉश्चर सही हो तो इससे पीठ के निचले हिस्से का दर्द दूर हो सकता है। दरअसल, गलत शारीरिक पॉश्चर से भी पीठ के निचले हिस्से का दर्द बढ़ सकता है। इसलिए हमेशा सीधे खड़े हों और किसी भी जगह पर बैठते समय अपनी पीठ को सीधा रखें। इसी के साथ एक ही पोजिशन में लंबे समय तक बैठने से भी बचें। वहीं, टेढ़ा–मेढा सोने की बजाय आराम मुद्रा में सोएं।

वार्मअप जरूर करें

अगर आप पीठ के निचले हिस्से में होने वाले दर्द को दूर करने के लिए कोई भी एक्सरसाइज करने वाले हैं तो इससे पहले वार्मअप करना न भूलें। दरअसल, अगर आप सीधा ही एक्सरसाइज करना शुरू कर देते हैं तो पीठ के निचले हिस्से का दर्द बढ़ सकता है। इसलिए वर्कआउट सेशन की शरूआत हमेशा कुछ स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज और वार्मअप से करें। ऐसा करने से पीठ के निचले हिस्से में होने वाला दर्द जल्द दूर होगा।

सही गद्दे पर सोएं

अगर आपके बिस्तर के गद्दे काफी ज्यादा कठोर हैं तो इससे आपकी पीठ के निचले हिस्से पर अधिक दबाव पड़ता है, जिससे दर्द बढ़ सकता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप अपने बिस्तर के लिए ऐसे गद्दों का चयन करें जिन पर सोने पर आपकी पीठ को आराम मिले। इसका मतलब गद्दा ऐसा होना चाहिए जो न ज्यादा कठोर हो और न ही ज्यादा नरम हो। इसके लिए कॉटन मैट्रेस को प्रभावी माना जाता है।

प्रतीक गांधी बहुत ही चौकस अभिनेता हैं: खुशाली कुमार

अभिनेत्री खुशाली कुमार ने अपनी अगली फिल्म डेढ़ बीघा जमीन की शूटिंग सह–अभिनेता प्रतीक गांधी के साथ झांसी में शुरू कर दी है। अभिनेत्री ने हाल ही में आर. माधवन के साथ अपनी

पहली अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग पूरी की और पुलकित द्वारा निर्देशित डेढ़ भीगा जमीन के सेट पर पहुंच गई हैं।

डेढ़ बीघा जमीन उत्तर प्रदेश के छोटे से शहर पर आधारित एक पारिवारिक ड्रामा है। कथानक एक आम आदमी के सम्मानजनक संघर्ष के इर्द–गिर्द घूमता है कि वह क्या जीतता है।

खुशाली ने प्रतीक के साथ अपनी भूमिका की तैयारी के अपने अनुभव को साझा किया, जिन्होंने अपनी फिल्म स्कैम 1992 के लिए आलोचनात्मक प्रशंसा प्राप्त की।

उन्होंने बताया, एक अभिनेता के रूप में प्रतीक बहुत चौकस हैं। उनके साथ तैयारी करना फिर से मजेदार और रचनात्मक रूप से संतोषजनक था। हम एक–दूसरे के तरीके को समझते थे और मुझे लगता है कि यह केमिस्ट्री के ऑफ–स्क्रीन होने पर सबसे अच्छा काम करता है, क्योंकि यह सिनेमा पर उसी तरह अच्छा दिखता है। मैं प्रतीक से भी उतना ही सीखने की उम्मीद करती हूं। टी–सीरीज और कर्मा मीडिया और एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन की फिल्म डेढ़ बीघा जमीन का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, शैलेश आर. सिंह और हंसल मेहता ने किया है।

फिल्म की सामग्री के बारे में बात करते हुए, खुशाली ने कहा, फिल्म एक दिल की कहानी है। मैं कहानी कहने के एक अनदेखे और गैर–सर्वोत्कृष्ट पक्ष की खोज करने के लिए भाग्यशाली हूं जो सामग्री–उन्मुख और सामाजिक रूप से प्रासंगिक है।

टी–सीरीज के चेयरमैन भूषण कुमार की बहन खुशाली ने 2015 में एक म्यूजिक वीडियो मैनू इश्क दा से बॉलीवुड में डेब्यू किया। तब से उन्हें कई म्यूजिक वीडियो और एक शॉर्ट फिल्म जीना मुश्किल है यार में देखा गया है।

विक्रम वेधा की हिन्दी रीमेक में ऋतिक रोशन के भाई की भूमिका निभाएंगे रोहित सराफ

ऋतिक रोशन इस साल कई फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने वाले हैं। हाल में वह फिल्म विक्रम वेधा की हिन्दी रीमेक को लेकर सुर्खियों में छाए हुए थे। फिल्म में उनके साथ अभिनेता सैफ अली खान भी दिखेंगे। हाल में फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया गया था। यह फिल्म अगले साल 30 सितंबर को रिलीज होने वाली है। अब जानकारी सामने आ रही है कि इस फिल्म में रोहित सराफ ऋतिक के भाई की भूमिका निभाएंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, विक्रम वेधा की हिन्दी रीमेक में अभिनेता रोहित ऋतिक के भाई की भूमिका में नजर आने वाले हैं। एक सूत्र ने कहा, रोहित फिल्म में ऋतिक के भाई का किरदार निभाएंगे। इस संबंध में कागजी कार्रवाई हो चुकी है और अभिनेता ने फिल्म में अपने हिस्से के लिए तैयारी शुरू कर दी है। सूत्र ने आगे बताया कि इस फिल्म की शूटिंग सितंबर के अंत में शुरू हो सकती है।

रोहित ने पिछले साल नेटफ्लिक्स की फिल्म लूडो में अपने अभिनय का जलवा दिखाया था। इसके अलावा उन्होंने सीरीज मिसमैच में भी काम किया है। उन्होंने प्रियंका चोपड़ा की फिल्म द स्काई इज पिंक में भी अभिनय किया है।

इस समय फिल्म के प्री–प्रोडक्शन का काम जोर–शोर से चल रहा है। बताया जा रहा है कि सभी इनडोर और आउटडोर शूटिंग स्पॉट को फाइनल कर दिया गया है। ऋतिक और सैफ दोनों का फिल्म के लिए लुक टेस्ट हो चुका है। ऋतिक ने भी इस फिल्म के किरदार में खुद को ढालने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। वह एक खूंखार गैंगस्टर की भूमिका निभाने के लिए फिजिकल ट्रेनिंग ले रहे हैं।

इस फिल्म की शूटिंग दिसंबर, 2021 तक पूरी होने की उम्मीद है। मेकर्स फिल्म को गांधी जयंती के अवसर पर 2022 में रिलीज करने का मन बना रहे हैं। फिल्म को नीरज पांडे ने रिलायंस एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है। हाल में खबर सामने आई थी कि इस फिल्म में राधिका आप्टे फीमेल लीड किरदार निभाएंगी। पुष्कर और गायत्री की जोड़ी इस फिल्म का निर्देशन करेगी, जिन्होंने ऑरिजनल फिल्म का निर्देशन किया था।

विक्रम वेधा में आर माधवन और विजय सेतुपति को लीड रोल में देखा गया था। इस फिल्म में माधवन ने एक पुलिस ऑफिसर और विजय ने गैंगस्टर का किरदार निभाया था। विजय एक ऐसे गैंगस्टर की भूमिका में दिखे थे, जो हर बार पुलिस को अपनी जिंदगी की कुछ कहानियां सुनाकर बच निकल जाता है। अब इसकी हिन्दी रीमेक में सैफ को पुलिस ऑफिसर के किरदार में देखा जाएगा, जबकि ऋतिक गैंगस्टर की भूमिका में दिखेंगे।

डिजिटल जगत में कदम रखेंगे रितेश देशमुख, तमन्ना भाटिया के साथ करेंगे रोमांस

कोरोना महामारी के कारण कई बड़ी फिल्में सिनेमाघरों के बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो रही हैं। ओटीटी पर फिल्में रिलीज करने का ट्रेंड सा चल पड़ा है। बॉलीवुड के कई बड़े कलाकार डिजिटल जगत में कदम रख चुके हैं। अब इस कड़ी में रितेश देशमुख का नाम भी शामिल होने वाला है। वह जल्द ही एक फिल्म में अभिनेत्री तमन्ना भाटिया के साथ इश्क फरमाते दिखेंगे।

रितेश ने ट्विटर पर फिल्म की कुछ तस्वीरें शेयर कर बताया कि वह नेटफ्लिक्स के साथ अपने डिजिटल डेब्यू को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने लिखा, हमारी नई फिल्म प्लान ए प्लान बी जल्द रिलीज होने वाली है। मुझसे आपको यह फिल्म दिखाने का इंतजार नहीं हो रहा है। जल्द ही आपसे मिलते हैं। रितेश ने यह भी बताया कि इस फिल्म में तमन्ना भाटिया उनके साथ मुख्य भूमिका में हैं, वहीं पूनम ढिल्लों भी एक अहम किरदार में नजर आएंगी।

इस फिल्म का निर्देशन शशांक घोष ने किया है, जो सोनम कपूर के साथ खूबसूरत और वीरे दी वेडिंग जैसी सफल फिल्में बना चुके हैं। तमन्ना ने भी फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। उन्होंने इसकी जानकारी देते हुए लिखा, आपकी भविष्य की योजनाएं क्या हैं? ज्यादा मत सोचिए, क्योंकि नेटफ्लिक्स पर प्लान ए प्लान बी आ रही है। मेरे इंतजार की घडियां खत्म हो गई हैं। आपके बीच फिल्म पेश करने के लिए बेहद उत्साहित हूं।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म की कहानी जाने–माने राइटर रजत अरोड़ा ने लिखी है जो वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई, डर्टी पिक्चर, किक, और गब्बर इज बैक जैसी फिल्मों की कहानी लिख चुके हैं। खास बात यह है कि रजत इस फिल्म के जरिए निर्माता की टोपी भी पहनने जा रहे हैं। उन्होंने त्रिलोक मल्होत्रा और केआर हरीश के साथ मिलकर इस फिल्म का निर्माण किया है। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है।

रितेश जल्द ही रॉनी स्क्रूवाला की फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा के साथ रोमांस करते दिखेंगे। फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार कर रहे हैं। रितेश फिल्म ककुड़ा में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। वह फिल्म हाउसफुल 5 का भी हिस्सा हैं। दूसरी तरफ तमन्ना, कंगना रनौत की फिल्म चेन के तेलुगु रीमेक देट इज महालक्ष्मी, बोले चूडियां और सीटीमार जैसी कई फिल्मों में अहम भूमिका निभाएंगी। वह तेलुगु कॉमेडी फिल्म एफ3 में भी काम कर रही हैं।

ग्लोइंग स्किन के लिए कर सकते हैं गोजी बेरी का सेवन

त्वचा की सूजन को कम करता है – इसमें उच्च मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं. गोजी बेरीज त्वचा की सूजन कम करने में मदद करता है. इसके अलावा, गोजी बेरी में मौजूद फैटी एसिड त्वचा के लिए लाभकारी होता है. ये त्वचा पर निखार लाने में मदद करता है.

महीन रेखाओं और झुर्रियों को कम करता है – गोजी बेरी में अमीनो एसिड और अन्य आवश्यक मिनरल होते हैं. ये त्वचा को नुकसान पहुंचाने वाले फ्री रेडिकल्स से त्वचा को बचाते हैं. गोजी बेरीज त्वचा कोशिकाओं में कोलेजन और इलास्टिन उत्पादन को बढ़ावा देकर त्वचा को हेल्दी रखते हैं.

निशान को कम करता है – गोजी बेरीज त्वचा के भीतर मेलेनिन में सुधार करते हैं जो मुंहासे के पीछे छोड़े गए निशान को कम करने में मदद करता है. गोजी बेरी का सेवन नई त्वचा कोशिकाओं के विकास को बढ़ावा देकर त्वचा को मुलायम और ग्लोइंग बनाता है.

यूवी किरणों से त्वचा को बचाता है – लंबे समय तक धूप में रहने से टैनिंग और त्वचा की अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है. गोजी बेरी का सेवन क्षतिग्रस्त त्वचा को ठीक कर सकता है क्योंकि इसमें बीटा कैरोटीन अधिक मात्रा में होता है.

त्वचा के हाइड्रेशन को बढ़ाता है – गोजी बेरीज में अमीनो एसिड होते हैं जो त्वचा को हाइड्रेटेड रखने में मदद करते हैं. ये आपकी त्वचा को नमीयुक्त रखता है. ये सुपरफूड एंटी–एजिंग लाभों को बढ़ावा देता है. ये त्वचा को टोन करने और रंगत में सुधार करता है.